दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। रविवार 27 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 127 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार



## ई-पेपर की विशेषताएं

- फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर
- अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा
- कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार
- खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन
- खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

**जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार**

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

# पाकिस्तान की निकल गई हेकड़ी! शहबाज शरीफ बोले- पहलगाम अटैक की जांच में हम शामिल होने को तैयार

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से लिए गए फैसले और दबाव पड़ने की वजह से पाकिस्तान की हेकड़ी निकलती दिख रही है। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले की 'तटस्थ और पारदर्शी' जांच में शामिल होने की पेशकश की है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खैबर-पख्तूनख्वा के काकुल में पाकिस्तान सैन्य अकादमी में सेना के कैडेटों की पासिंग-आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा, पहलगाम में हुई हालिया त्रासदी, निरंतर दोषारोपण के खेल का एक और उदाहरण है, जिसे पूरी तरह से खत्म किया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि एक जिम्मेदार देश के रूप में अपनी भूमिका को जारी रखते हुए, पाकिस्तान किसी भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है।



इसके साथ ही शहबाज शरीफ ने धमकी भरा लहजा अपनाते हुए कहा कि अगर भारत ने अपने हिस्से का पानी रोक दिया तो वे सभी विकल्प अपनाएंगे। पानी हमारी जीवन रेखा है और एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हित है और इसकी उपलब्धता को हर कीमत पर और हर परिस्थिति में सुरक्षित रखा जाएगा। शहबाज शरीफ ने कहा, शांति हमारी प्राथमिकता है। पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और संवाद में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। हम अपनी अखंडता और सुरक्षा पर कभी समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा, किसी को भी किसी भी तरह के झूठे आरोप के तहत नहीं रहना चाहिए, क्योंकि देश की रक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए पूरी तरह से सक्षम और तैयार सशस्त्र बल किसी भी दुस्साहस के खिलाफ हैं। सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के पानी को कम करने या मोड़ने की किसी भी कोशिश का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा।

### 'सिंधु दरिया हमारा है।'

इससे पहले पाकिस्तान के नेता बिलावल भुट्टो ने कहा कि सिंधु दरिया में या तो अब पानी बहेगा, या उनका खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा। सखर में सिंधु नदी के किनारे एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिलावल भुट्टो ने कहा, मैं सिंधु दरिया के पास खड़े होकर साफ कहना चाहता हूं कि सिंधु नदी हमारी थी, है और हमारी ही रहेगी। या तो इस नदी से हमारा पानी बहेगा, या फिर उसका खून जो हमारी हिस्सेदारी छीनना चाहता है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना का बड़ा ऐक्शन

# अनंतनाग में 175 संदिग्ध हिरासत में लिए गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षाबलों ने अनंतनाग जिले में बड़े पैमाने पर ऐक्शन लेते हुए पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि पिछले चार दिनों में अनंतनाग पुलिस, सेना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और अन्य एजेंसियों की संयुक्त टीमें संदिग्ध ठिकानों और सहायता नेटवर्क को निशाना बनाते हुए पूरे जिले में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रही हैं। पुलिस के एक बयान में कहा गया है, "इन अभियानों के तहत पूरे जिले में कई स्थानों पर छापे मारे गए। कड़ी सतर्कता के साथ दिन-रात तलाशी अभियान चल रहा है। अब तक आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने वाले सहायता नेटवर्क को खत्म करने के लिए पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।"



उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरूआत में अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध रिसॉर्ट पहलगाम के पास बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कई जिलों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और पूछताछ के लिए संदिग्धों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि अनंतनाग में सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे जिले में अतिरिक्त मोबाइल वाहन चेक प्वाइंट (एमवीसीपी) स्थापित किए गए हैं।

पुलिस ने कहा, "इसके अलावा किसी भी संभावित आतंकवादी उपस्थिति को खत्म करने और जिले को सुरक्षित करने के लिए विशेष रूप से उच्च घनत्व वाले वन क्षेत्रों में घेराबंदी और तलाशी अभियान (कॉसो), घात लगाकर हमला और गहन गश्त शुरू की गई है।"

सुरक्षा बलों ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में भी सतर्कता बढ़ा दी है क्योंकि जिले की पर्वत श्रृंखलाएं अनंतनाग से जुड़ी हुई हैं। पुलिस ने कहा कि मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए खतरे की आशंकाओं को खत्म करने के लिए गंदेरबल पुलिस ने सेना, पैरा, सीआरपीएफ और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के साथ मिलकर आक्रामक रुख अपनाया है और खासकर उन इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया है जहां राष्ट्र विरोधी तत्व संभवतः शरण ले सकते हैं या ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और अन्य समर्थकों से जुड़े हो सकते हैं।

# तिलमिलाए और हताश पाक ने बीती रात एलओसी पर फिर की फायरिंग

## भारतीय जांबाज सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**श्रीनगर।** पहलगाम हमले के बाद भारत की सख्त कार्रवाइयों से छटपटा रहे पाकिस्तान की बौखलाहट बढ़ती ही जा रही है। उसकी ओर से बीती रात एक बार फिर कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सीजफायर का उल्लंघन किया गया। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना के मुताबिक, 25-26 अप्रैल 2025 की रात को कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तानी सेना चौकियों की ओर से बिना किसी उकसावे के हल्की गोलीबारी की गई। भारतीय सैनिकों ने छोटे हथियारों से उचित जवाब दिया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

इससे एक दिन पहले भी नियंत्रण रेखा पर कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की ओर से फायरिंग की गई थी। गोलीबारी छोटे हथियारों के जरिए की गई थी। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं आई थी। सेना से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, भारतीय सेना ने गुरुवार रात जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।



**पहलगाम आतंकी हमले के बाद से तनाव :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही पाकिस्तान डरा हुआ है। वह भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से छटपटा रहा है। इस बीच पड़ोसी मुल्क की ओर से फायरिंग की गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे।

**सीसीएस बैठक के अहम फैसले :** इससे पहले पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया था। इसके साथ ही एकीकृत चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया था। इसके अलावा पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति देने पर रोक लगा दी गई थी। भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरी दुनिया में निंदा हो रही है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने भी इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को न्याय के कटघरे तक लाना जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के की ओर से जारी निंदा प्रस्ताव में कहा गया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

**दोषियों को न्याय के कटघरे में लाना चाहिए :** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की ओर से एक प्रेस बयान जारी किया है। इसमें कहा गया, 'सुरक्षा परिषद के सदस्य 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की सबसे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई घायल हुए।' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने इस हमले में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। सुरक्षा परिषद ने इस घृणित आतंकवादी कृत्य के अपराधियों, आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।



**अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक काम करें सभी देश :** सुरक्षा परिषद् ने जोर देकर कहा कि हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद् ने सभी देशों से यह अपील की कि वे इस मामले में सहयोग करें। प्रत्येक देश को अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के मुताबिक काम करना चाहिए।

**घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना :** मीडिया में यह बयान यूएनएससी अध्यक्ष द्वारा सभी 15 सदस्य देशों की ओर से जारी किया गया है। पाकिस्तान वर्तमान में यूएनएससी में एक अस्थायी सदस्य है। यूएनएससी के सदस्यों ने पीड़ितों के परिवारों और भारत एवं नेपाल की सरकारों के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# दुष्कर्म-हत्या मामले में आरोपी को दोहरी मौत की सजा

**अहमदाबाद।** गुजरात के आनंद जिले की एक अदालत ने शुक्रवार को खंभात तहसील में 2019 में सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक व्यक्ति को दोहरी मौत की सजा सुनाई है। खंभात सत्र न्यायालय के न्यायाधीश परवीन कुमार ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की धारा 6 (गंभीर यौन हमला) के तहत अर्जुन गोहेल (29) को दोषी ठहराया।

लोक अभियोजक रघुवीर पंड्या ने कहा कि अदालत ने मामले को




दुर्लभतम करार दिया और अभियोजन पक्ष की मांग के अनुसार आरोपी को दोहरी मौत की सजा सुनाई। पंड्या ने कहा, अदालत ने पीड़ित के परिवार को 13 लाख रुपये का मुआवजा भी देने को कहा। मामला अक्तूबर 2019 का है, जब स्थानीय लोगों को एक गांव के बाहरी इलाके में एक खेत में सात साल की बच्ची का अर्धनग्न शव मिला था। मेडिकल रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि गला घोंटने से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया था।

### क्या है दोहरी मौत की सजा

दोहरी मौत की सजा यह सुनिश्चित करती है कि अगर वह हाईकोर्ट में एक अपराध में दोषी बरी हो जाता है, तो भी उसे मृत्युदंड का सामना करना पड़ेगा।

अभियोजक ने कहा, जांच से पता चला है कि गोहेल उसी गांव का रहने वाले था जिस गांव की लड़की थी। लड़की जब अन्य बच्चों के साथ अपने घर के बाहर खेल रही थी। गोहेल ने बिस्कुट दिलाने का वादा करके लड़की को बहला-फुसलाकर गांव के बाहरी इलाके में ले गया और उसके साथ क्रूरतापूर्वक दुष्कर्म किया। बाद में उसने उसका गला घोंट दिया। हालांकि उसने कभी अपना अपराध स्वीकार नहीं किया और कहा कि उसने बिस्किट खरीदने के बाद लड़की को सुरक्षित छोड़ दिया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने संदेह से परे साबित कर दिया कि उसने अपराध किया था।

# आतंकवाद के खिलाफ दिल्ली में दिखा सांप्रदायिक सौहार्द, आठ लाख दुकानों पर टंगे रहे ताले

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में राजधानी के व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाकर कड़ा संदेश दिया। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द देखने को मिला। हिंदू, मुस्लिम, सिख समेत अन्य धर्म के लोगों ने काली पट्टी बांधकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को करीब 900 बाजारों की 8 लाख से अधिक दुकानों पर ताले टंगे दिखे।

इससे लगभग 1500 करोड़ रुपये का व्यापार प्रभावित रहा। हालांकि, व्यापारियों के लिए यह घाटा कोई चिंता का विषय नहीं रहा। इस बंद में कोई शोर नहीं, लेकिन हर बंद दुकान आतंक के खिलाफ चीख बन चुकी थी। आतंकी हमले के विरोध में सीआईटी (चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री) ने सभी व्यापारियों, दुकानदारों और व्यवसाय मालिकों से दिल्ली बंद करने का अनुरोध किया था।




ऐसे में खान मार्केट, सदर बाजार, भागीरथ प्लेस, गांधी नगर, करोल बाग, नया बाजार, खारी बावली, चावड़ी बाजार, हिंदुस्तान मर्केंटाइल चांदनी चौक, हौजाकाजी, मीना बाजार, मटिया महल, दरियागंज, नई सड़क, चांदनी चौक, राजौरी गार्डन मार्बल एसोसिएशन, किराना समिति खारी बावली समेत अन्य दूसरे बाजारों को बंद रखा गया।

### श्रद्धांजलि सभाएं, मौन, कैंडल मार्च निकाले

यह आक्रोश केवल दुकानें बंद करने तक सीमित नहीं रहा। कई बाजार के व्यापारियों ने आतंकवादी कृत्य को अस्वीकार करते हुए सरकार को निर्णायक कार्रवाई करने का संदेश भी देने के लिए कैंडल मार्च निकाला। कई बाजारों में व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभाएं, मौन मार्च, कैंडल मार्च निकाले और राष्ट्रगान के माध्यम से इस हमले में हताहत लोगों को नमन किया।

# अभी और झेलने पड़ेंगे लू के थपेड़े, पारा जा सकता है 42 तक, अगले सप्ताह मिल सकती है मामूली राहत

**मौसम विभाग ने शनिवार को भी लू चलने की संभावना जताई है। साथ ही अगले सप्ताह के मध्य में लू और गर्मी से मामूली राहत मिल सकती है।**

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शनिवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहने और लू चलने की संभावना जताई है। साथ ही अगले सप्ताह के मध्य में लू और गर्मी से मामूली राहत मिल सकती है। राजधानी में शुक्रवार को सूरज ने आग बरसाई और दिन भर लू के थपेड़े लगे। 41.7 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया।




कल दिल्ली में लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 41 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.0 डिग्री अधिक 41.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 कम 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

इससे पहले बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 41.2 और 21 अप्रैल को 41.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। आठ अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया था। इस तरह से शुक्रवार को जो तापमान दर्ज हुआ वह इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है।

उत्तरी पहाड़ों में एक पश्चिमी विक्षोभ गुजरा है लेकिन यह कमजोर है। इस कारण से एक से दो दिन में दिल्ली और आसपास के इलाकों में बादल भी देखने को मिल सकते हैं। वहीं हल्की बारिश की भी संभावना है। इससे तापमान में खास कमी नहीं आएगी।

# भारत को बिलावल की धमकी, बोले- सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा, या फिर उनका खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा।

भुट्टो ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि आप एक झटके में सिंधु जल समझौता को तोड़ दें। हम इसे नहीं मानते हैं। हमारी अवाम इसे नहीं मानती। हजारों साल से हम इस नदी के वारिस हैं।

भुट्टो बोले- पाकिस्तान की जनता बहादुर, जवाब देंगे बिलावल ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि भारत की आबादी ज्यादा है, वो यह नहीं तय कर सकते कि पानी किसका है। पाकिस्तान की अवाम बहादुर लोग हैं, हम डटकर मुकाबला करेंगे। सरहदों पर हमारी फौज हर हमले का जवाब देने को तैयार है।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (ढढढ) के अध्यक्ष भुट्टो ने कहा कि भारत ने पहलगाम घटना के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमजोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफा तरीके से रोक दिया है।

भुट्टो ने कहा कि हर पाकिस्तानी सिंधु का पैगाम लेकर दुनिया को बताएगा कि हमारे दरिया पर डाका मंजूर नहीं। दुश्मन की नजरें हमारे पानी पर हैं।

## पाकिस्तान को बूंद-बूंद मरना होगा : भारत

पाकिस्तान के साथ 'सिंधु जल समझौता स्थगित' करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे 3 चरणों में पूरा करने का फैसला लिया गया है। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर 3 तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। मीटिंग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि 3 चरणों और 3 तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल को केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि



को स्थगित करने का फैसला लिया था। भारत में जलशक्ति सचिव देवश्री मुखर्जी ने गुरुवार देर रात पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव मुर्तजा को पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि यह संधि अच्छे संदर्भ में की गई थी, लेकिन अच्छे रिश्तों के बिना इसे बनाए नहीं रखा जा सकता। वहीं, पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के खत्म होने को एक्ट ऑफ वॉर बताया है। पाकिस्तानी सरकार ने कहा- अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पहलगाम के नजदीक बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। इनमें एक नेपाली नागरिक भी था। 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इसके बाद भारत ने जल संधि स्थगित करने सहित 5 बड़े फैसले लिए थे।

बिलावल ने कहा कि वे देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस बात का भरोसा दिलाना चाहते हैं कि अलग राजनीतिक दल होने के कारण भले ही उनकी राय अलग हो, लेकिन सिंधु जल संधि के मुद्दे पर वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

**भुट्टो बोले- भारत के मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे :** बिलावल भुट्टो ने अपनी मां और देश की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो का भी नाम लिया। उन्होंने कहा कि ढढढ और सिंध प्रांत की जनता ने नदी पर डैम और नहर बनाने के मंसूबे कामयाब नहीं होने दिए हैं। आने वाले दिनों में भी सिंधु जल संधि में एकतरफा बदलाव की कोशिशों को नाकाम किया जाएगा।

बिलावल भुट्टो ने पाकिस्तान के चारों राज्यों की एकता की बात करते हुए कहा कि ये चार सूबे चार भाइयों की तरह हैं। ये चारों सूबे मिलकर भारत के हर मंसूबे का करारा जवाब देंगे। भुट्टो का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल संधि को सस्पेंड करने का कदम उठाया है, जिसे पाकिस्तान ने 'जंग के बराबर' करार दिया है।

**भारत की तरफ से पाकिस्तान को भेजा गया लेटर...लेटर में क्या लिखा...5 पॉइंट में :** भारत सरकार की तरफ से पाकिस्तान सरकार को नोटिस भेजा जा रहा है। जिसमें संधि के अनुच्छेद क्क(3) के तहत सिंधु जल संधि 1960 में संशोधन की मांग की गई है। इस लेटर में उन मुद्दों का हवाला दिया गया है जिसके चलते समझौते पर दोबारा विचार करने की आवश्यकता है। संधि के बाद से अब तक जनसंख्या में काफी बदलाव हुआ है। ऐसे में क्लीन एनर्जी डेवलपमेंट में तेजी लाने के लिए कुछ बदलाव करने जरूरी हो जाते हैं।

किसी भी समझौते में सबसे जरूरी होता है कि उस संधि का सम्मान किया जाए। इसके बजाय पाकिस्तान की तरफ से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर को निशाना बनाकर सीमा पार आतंकवाद जारी है।

सुरक्षा से जुड़ी अनिश्चितताओं ने संधि के तहत भारत के अपने अधिकारों को बाधित किया है। इसके अलावा भारत के अनुरोध पर पाकिस्तान ने कोई रिएक्शन नहीं दिया। इस प्रकार उसने संधि का उल्लंघन किया है।

इसलिए भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि सिंधु जल संधि 1960 को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।1960 में भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच ये समझौता हुआ था। समझौते में सिंधु बेसिन से बहने वाली 6 नदियों को पूर्वी और पश्चिमी हिस्से में बांटा गया था।

पूर्वी हिस्से की नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के पानी पर भारत का पूरा अधिकार है। पश्चिमी हिस्से की नदियों सिंधु, चिनाब और झेलम का 20% पानी भारत रोक सकता है।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 23 अप्रैल को सुरक्षा मामलों की कैबिनेट मीटिंग में 5 बड़े फैसले लिए गए।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






आया ऊंट पहाड़ के नीचे, भारत के एक्शन से मिनमिनाया पाकिस्तान

# पहलगाम में हुई नृशंस हत्याओं की जांच में शामिल होने को हम तैयार : शहबाज शरीफ

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हम न केवल हमलावरों को बल्कि उनके पीछे बैठे साजिशकर्ताओं को भी सजा देंगे

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। भारतद्वारा लिए गए सख्त फैसलों से अब पकिस्तान की साड़ी हेकड़ी निकल गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहलगाम आतंकी हमले की निष्पक्ष जांच के लिए तैयार होने की बात कही है। वहीं दूसरी तरह पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने इस्लामाबाद में चीनी राजदूत जियांग जेड से मुलाकात की। घबराया पकिस्तान चीन से मदद की गुहार लगाने पहुंचा है।

पाकिस्तानी न्यूज चैनल डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के काकुल में पाक मिलिट्री अकादमी में पासिंग-आउट परेड को संबोधित करते हुए पीएम शहबाज ने कहा, पहलगाम में हुई घटना इस निरंतर दोषारोपण के खेल का एक और उदाहरण है, जिसे



पूरी तरह से बंद किया जाना चाहिए। एक जिम्मेदार देश के रूप में अपनी भूमिका को जारी रखते हुए, पाकिस्तान किसी भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।

**पानी को लेकर तिलमिलाया पाकिस्तान :** सिंधु जल संधि के निलंबन ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। शहबाज ने तिलमिलाते हुए कहा, पानी हमारी जिंदगी है। 24 करोड़ लोग इसके लिए लड़ेंगे। उन्होंने इसे युद्ध की कार्रवाई तक करार दिया। उनके डिप्टी पीएम इशाक डार ने आतंकियों को स्वतंत्रता सेनानी कहकर पाकिस्तान का असली चेहरा उजागर किया, जबकि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने परमाणु हथियारों की धमकी दी। पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई में भारत के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया और 1972 के शिमला समझौते को निलंबित करने की घोषणा की।

### जांच की पेशकश पर उमर अब्दुल्ला का वार

## कहा, झूठे लोगों पर भरोसा नहीं!



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पहलगाम आतंकी हमले की तटस्थ जांच की पेशकश पर करारा जवाब दिया है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने पहले तो इस घटना को स्वीकार तक नहीं किया था और उलटे भारत पर इसे 'स्टेज' करने का आरोप लगाया था। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे पहले, उन्होंने स्वीकार ही नहीं किया कि पहलगाम में कुछ हुआ है। पहले तो उन्होंने कहा कि इसके पीछे भारत का हाथ है। जिन लोगों ने पहले हमारे खिलाफ ही आरोप लगाए उनके लिए इस बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है। मैं उनके बयानों को ज्यादा अहमियत नहीं देना चाहता।

# कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न

## सतेंद्र कुमार बनें अध्यक्ष और सुमित ठाकुर सचिव पद पर विजय घोषित

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव की भूमिका शुक्रवार को ही तय हो गई थी। शुक्रवार को विभाग के वरिष्ठ नेताओं ने आपसी सहमति बिठाने की कोशिश की थी, लेकिन बात बन नहीं पाई थी और फिर उसके बाद ये तय हुआ कि चुनाव होगा।

लिहाजा शनिवार का दिन कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ चुनाव के लिये रखा गया। कर्मचारी संघ चुनाव में 49 मतदाताओं को मतदाधिकार का प्रयोग करना था। मतदान 11 बजे से शुरू हुआ औरसबसे खास बात यह थी कि यह पहले ही तय हो गया था कि मतदान केवल अध्यक्ष और सचिव पद के लिये होगा। कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ के चुनाव के लिये चुनाव अधिकारी भी बनाए गए थे।

चुनाव दो पदों पर होना था और इसके लिये दो चुनाव अधिकारी तथा दो सहायक चुनाव अधिकारी बनाए गए। प्रशासनिक अधिकारी के के शर्मा तथा प्रशासनक अधिकारी मधुबाला सक्सेना को चुनाव अधिकारी बनाया गया था। सहायक राजस्व ललित बिहारी शर्मा को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया था।

अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा था। यहां पर अध्यक्ष पद के लिये न्यायिक अभिलेखापाल सतबीर सिंह, सीआरए





सतेंद्र चौधरी और न्यायिक सहायक प्रथम प्रमोद कुमार चुनाव मैदान में थे। वहीं सचिव पद के लिये यहां एसडीएम सदन के स्टेनो सुमित ठाकुर मैदान में थे। सुमित ठाकुर के अलावा राजस्व सहायक तृतीय इमरेंद्र आशीष ने भी चुनाव के लिये ताल ठोंकी थी। शनिवार को चुनाव हुआ और कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ के चुनाव में सतेंद्र कुमार को सर्वाधिक मत प्राप्त हुए। वह अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किये गये। इसके अलावा सचिव पद पर सुमित ठाकुर लगातार दूसरी बार विजयी घोषित हुए।

### सतेंद्र कुमार मिले अध्यक्ष पद के लिये 26 वोट

अध्यक्ष पद के लिये त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा था लेकिन यहां सीधा मुकाबला प्रमोद कुमार और सतेंद्र कुमार के बीच हुआ। 49 मतदाता थे और बेहद रोचक मुकाबले में सतेंद्र कुमार ने तीन वोटों से जीत हासिल की। सतेंद्र कुमार को 26 वोट मिले। जबकि अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़े प्रमोद कुमार को 23 वोट मिले। इस तरह से रोचक मुकाबले में सतेंद्र कुमार ने तीन वोट से जीत हासिल की।

### तीन वोट से सचिव पद पर जीते सुमित कुमार

कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ का मुकाबला रोचक रहा और यहां सचिव पद पर भी दो लोगों के बीच सीधा मुकाबला रहा। इनमें सुमित ठाकुर और इमरेंद्र सिंह आशीष आमने-सामने रहे और यहां भी जीत का अंतर तीन वोटों का रहा। सुमित ठाकुर को 26 वोट मिले जबकि इमरेंद्र आशीष को 23 वोट मिले। मतों की गिनती के बाद सतेंद्र कुमार को अध्यक्ष पद पर और सुमित ठाकुर को सचिव पद पर विजयी घोषित किया गया।

### चार पदों पर बन गई आपसी सहमति

कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ चुनाव में जहां अध्यक्ष और सचिव पद के बीच रोचक मुकाबला हुआ वहीं चार पदों पर आपसी सहमति बन गई और यहां अन्य कोई प्रत्याशी ना होने के कारण निर्विरोध विजय घोषित किये। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित कर दिया था कि किन नामों पर आम सहमति की मुहर लगेगी। कोषाध्यक्ष पद के लिये राजस्व अभिलेखागार शैलेष कुमार गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं संयुक्त सचिव पद के लिये अवनीश कुमार का नाम घोषित किया गया। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही नाजिर सदन अवनीश कुमार का नाम इस पद के लिये निर्विरोध बताया था। इसी तरह क्रीडा सांस्कृतिक मंत्री गौरव शर्मा को बनाया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये ध्रुव कुमार के नाम पर सहमति बनी और शनिवार को इन चार नामों पर मुहर लग गई और इसी के साथ यह चुनाव संपन्न हो गया।

### रोचक रहा इलेक्शन में एक-एक वोट का कैलकुलेशन

कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ का चुनाव भले ही कम वोटों का था लेकिन यहां एक-एक वोट का जबर्दस्त कैलकुशन था और जब चुनाव नतीजा घोषित हुआ तो ये तय हो गया कि वोटर अंदरखाने अध्यक्ष और सचिव पद के लिये आपस में तय कर चुके थे और ये वजह रही कि जितने वोट अध्यक्ष पद के विजेता को मिले उतने ही वोट सचिव पद के विजेता को मिले और सीन में तीन वाला ट्विस्ट आ गया। अध्यक्ष को 26 को वोट मिले, सचिव को 26 वोट मिले और अध्यक्ष और सचिव पद पर तीन-तीन वोटों का अंतर इस मुकाबले को रोचक बना गया। 26 मतदाता निर्णायक साबित हुए और चुनाव नतीजा बता रहा था कि इस इलेक्शन में एक-एक वोट का कैलकुलेशन था।

# कलेक्ट्रेट में तीन बाबुओं का बढ़ा अतिरिक्त प्रभार






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट में शनिवार को जिलाधिकारी ने तीन लिपिक संवर्ग कर्मचारी का तबादला किया है। एक तरह से यह है तबादला नहीं है बल्कि इन कर्मचारियों का अतिरिक्त प्रभार बढ़ाया गया है। वरिष्ठ सहायक ध्रुव कुमार के पास वर्तमान तैनाती में डीएलआरसी के साथ उप जिलाधिकारी सदर का पेशकार का कार्य है उनकी नवीन तैनाती में डीएलआरसी के साथ-साथ अब वह एडीएम न्यायिक के पेशकार का अतिरिक्त कार्य भी देखेंगे। इसी तरह मिंटू उज्जवल वरिष्ठ सहायक है और उनके पास वरिष्ठ लिपिक सीलिंग के पद पर अपने कार्य के साथ-साथ अपर जिलाधिकारी न्यायिक के पेशकार का भी कार्यभार है। नवीन तैनाती में वह वरिष्ठ लिपिंग सीलिंग के पद पर अपने कार्य के साथ-साथ अब एसडीएम सदर के पेशकार का अतिरिक्त कार्य देखेंगे। सत्येंद्र पाल सिंह आशु लिपिक हैं और वह एडीएम न्यायिक के आशु लिपिक है नई तैनाती में वह एडीएम न्यायिक के आशु लिपिक पद के साथ-साथ सिटी मजिस्ट्रेट के आशुलिपिक का भी अतिरिक्त कार्य देखेंगे। दीपक वर्मा की नई तैनाती है वह कनिष्ठ सहायक है और मृतक आश्रित कोटे में नवीन नियुक्ति है।उनकी तैनाती टंकक आर ए प्रथम के पद पर की गई है और इसी के साथ उन्हें उप जिलाधिकारी सदर के आशु लिपिक के सहयोग हेतु लगाया गया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की हिंडन नदी की स्वच्छता को लेकर नई पहल

# नगर निगम ने अभियान में जोड़ा सिंचाई विभाग और जल निगम को भी रखा अपने साथ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में हिंडन नदी की स्वच्छता और सुंदरता को बेहतर बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम, जल निगम तथा सिंचाई विभाग अधिकारियों से अहम बैठक हुई, बैठक में गाजियाबाद की

### प्रमुख विभागों के साथ की अहम बैठक और पेयजल व्यवस्था के लिये तैयार किया फ्यूचर प्लान

पेयजल व्यवस्था को भविष्य में भी सुगम और सरल बनाने की योजनाओं को लेकर मंथन हुआ। बैठक में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों के साथ-साथ जल निगम के मुख्य अभियंता आर. के. पंकज, सिंचाई विभाग से अधिशासी अभियंता राजकुमार, एन.पी. सिंह सहायक अभियंता, शिव कुमार अवर अभियंता जल निगम उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को एक सप्ताह में हिंडन नदी में निस्तारित हो रहे नालों को रोके जाने के संबंध में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गये।

नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद की पेयजल व्यवस्था को भविष्य के लिए सुगम और सरल बनाने पर भी मंथन किया गया। नगर आयुक्त द्वारा जल निगम, सिंचाई विभाग तथा नगर निगम के जलकल विभाग अधिकारियों से सुझाव मांगे गए। साथ ही आने वाले समय में गाजियाबाद के संपूर्ण क्षेत्र को गंगाजल आपूर्ति करने हेतु भी चर्चा हुई जिसमें नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियंता जल निगम को कार्य योजना बनाने के लिए कहा गया। जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए किये जा रहे कार्यों को भी रफ्तार देने के निर्देष टीम को दिए गए।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर हित में बनाई जा रही योजना के क्रम में अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्य को रफ्तार देने के लिए कार्यवाही चल रही है। इसके क्रम में हिंडन नदी स्वच्छता को और अधिक बेहतर करने तथा सुंदरता को बढ़ाने के लिए एक सप्ताह में जल निगम सिंचाई विभाग तथा जलकल विभाग को कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। हिंडन नदी के आसपास के क्षेत्र का सर्वे भी कराया जाएगा। हिंडन नदी में गिरने वाले 7 नालों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए योजना बनाई जा रही है जिससे नदी की स्वच्छता बरकरार रहेगी सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग दिया जाएगा, हिंडन नदी के आसपास सौंदर्यकरण भी बढ़ाया जाएगा कार्य योजना बनाई जा रही है। जल संरक्षण पर भी शहर वासियों को जागरुक करते हुए भूमिगत जल में वृद्धि करने हेतु कार्य योजना बनाने के लिए टीम को कहा गया है। आने वाले समय में गाजियाबाद को गंगाजल आपूर्ति की जाए योजना बनाई जा रही है।

बैठक में गाजियाबाद नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, सहायक अभियंता जल आश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने संजीव कुमार गुप्ता को किया सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत 24 चैनल के द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार गुप्ता को उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सिंह सैनी, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ द ईयर 2025 देकर सम्मानित किया।

चैनल की ओर से यह अवार्ड औधोगिक जगत में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। इस अवसर पर औधोगिक विकास मंत्री ने समरकूल ग्रुप की प्रशंसा करते हुए कहा कि मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को पूरा करने के

विस्तृत खबर, पृष्ठ 8

# दिए गए हैं मौखिक आदेश, कौन सी पूर्व पार्षद रहेगी वार्ड में फेस



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में एक पार्षद पति को लेकर मौखिक आदेश का किस्सा गूंज रहा है। निगम सूत्र बता रहे हैं कि पावरफुल जनप्रतिनिधि ने विभाग से जुड़े एक अधिकारी को मौखिक निर्देश दिये। दरअसल जिन्हें लेकर ये निर्देश दिये गये हैं वो नगर निगम के डबल रोल में बताए जाते हैं।

वो पार्षद पति भी हैं और नगर निगम में कर्मचारी भी हैं। निगम के गलियारों में ये चर्चा है कि पावरफुल जनप्रतिनिधि तक कुछ सूचनाएं पहुंच रही थीं और उसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारी को बुलाकर मौखिक निर्देश दिये कि पार्षद पति को निगम कर्मचारी की तरह कार्य करने के लिये कहा जाए और उनकी मूल तैनाती में भेजने के लिये कहा।

वहीं बताया ये भी जाता है कि जिस वार्ड को लेकर ये मामला उठ रहा है उस वार्ड की एक पूर्व पार्षद को क्षेत्र का कामकाज देखने के भी मौखिक निर्देश दिये गये हैं। नगर निगम में मौखिक आदेशों का ये किस्सा गूंज रहा है। बताने वाले बता रहे हैं कि पावरफुल जनप्रतिनिधि और मेहकमें के अधिकारी आमतौर पर किसी के काम में हस्तक्षेप नहीं करते, लेकिन अगर उन तक शिकायतें पहुंचती हैं और शिकायतों में सत्यता पाई जाती है तो फिर एक्शन भी होता है। फिलहाल पार्षद पति की मूल तैनाती और पूर्व पार्षद को सेवा का विशेषाधिकार दिये जाने का ये किस्सा निगम से लेकर वार्ड तक गूंज रहा है।

# गाजियाबाद जिला कारागार में कैदियों को मिला परीक्षा में सफलता का उपहार




### इंटरमीडिएट की परीक्षा का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत, 10 में से 10 कैदी हुए पास

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आमतौर पर जेल को लेकर ये अवधारणा होती है कि जेल में माहौल ठीक नहीं है। जेल में सभी अपराधी हैं, लेकिन इससे अलग देखें तो जेल प्रशासन की अवधारणा यह होती है कि जेल में रहकर बंदी अपने चरित्र का सुधार करे, अपने व्यक्तित्व का विकास करे और इसके लिये जेल प्रशासन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कराता है। योगाभ्यास के कार्यक्रम चलते हैं, शिक्षा का विजन बताया जाता है और गाजियाबाद जिला कारागार में इस बार शिक्षा की अलख जगी है।

उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं में गाजियाबाद जेल में बंद कैदियों का शानदार प्रदर्शन रहा है। इस वर्ष गाजियाबाद जेल में बंद 25 कैदियों ने परीक्षा दी थी और इनमें से 23 कैदियों ने सफलता प्राप्त की है। बड़ी बात ये है कि इंटरमीडिएट की परीक्षा में रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है और जहां परीक्षा के लिये कैदियों ने पढ़ाई की है, वहीं जेल प्रशासन ने भी कैदियों का शिक्षा के लिये मनोबल बढ़ाया, उन्हें सुविधाएं दीं और नतीजा ये रहा कि 25 में 23 कैदी पास हुए हैं। इनमें से हाईस्कूल की परीक्षा में 15 कैदियों ने भाग लिया था। हाईस्कूल की परीक्षा में 13 कैदी पास हुए हैं जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा में 10 कैदियों ने परीक्षा दी थी और ये सभी दस कैदी इंटरमीडिएट की परीक्षा में सफल रहे हैं।

### योग्य शिक्षक, पुस्तकालय और समग्र विकास से मिली सफलताः सीताराम शर्मा



**करंट क्राइम।** जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने कैदियों के परीक्षा पास करने और इंटरमीडिएट में शत प्रतिशत रिजल्ट आने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि कैदियों की यह सफलता दर्शाती है कि उचित मार्गदर्शन से ये समाज की मुख्य धारा में वापस लौट सकते हैं। उन्होंने बताया कि कैदियों की शिक्षा के लिये जेल प्रशासन विशेष व्यवस्था की थी। कारागार में नियमित कक्षाएं चलाई गई। योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई और कैदियों के लिये पुस्कालय की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। कैदियों के समग्र विका पर ध्यान दिया गया। उन्हें प्रेरक कहानियों से अवगत कराया गया। जीवन कौशल कार्यशालाएं आयोजित की गईं। योगाभ्यास जैसे कार्यक्रम चलाए गए, जिससे यह सफलता मिली। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा का कहा है कि प्रशासन का उद्देश्य कैदियों को बेहतर भविष्य की ओर ले जाना है। शिक्षा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## संपादकीय

# पाकिस्तान पर शिकंजा कसे भारत

पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारत ने कुछ सख्त कदम उठाए हैं। इनमें सबसे अहम है सिंधु जल समझौते को निलंबित करना। उरी में आतंकी हमले के बाद भारतीय पीएम ने कहा था कि सिंधु में जल और खून एक साथ नहीं बह सकते। इस बार सरकार इसी पर आगे बढ़ी है। हालांकि इतना काफी नहीं है। पुलवामा और पहलगाम जैसी घटनाओं से बचने के लिए ज्यादा निर्णायक और सटीक कदम उठाने की जरूरत है।

टेरर फंडिंग भारत ने पुलवामा का जवाब बालाकोट से दिया था। वह अप्रत्याशित और साहसिक कदम था। हालांकि इसके बाद भी सीमा पार आतंकवाद खत्म नहीं हुआ। इसकी वजह है आतंकियों तक पहुंचने वाली वह सप्लाई चेन, जिसे पाकिस्तान चालू रखे हुए है। वह पिछले कुछ साल से गंभीर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। उसकी गाड़ी और कुछ सहयोगी देशों के कर्ज से किसी तरह चल रही है। इसके बाद भी वह आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग का जुगाड़ कर लेता है। भारत को इसी फंडिंग को खत्म करना होगा।

हथियारों पर रोक पाकिस्तान का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता चीन है। इस्लामाबाद अपने 81% हथियार पेइचिंग से लेता है। इसके बाद नंबर है अमेरिका का। इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल फिर भारत के खिलाफ किया जाता है। नई दिल्ली को इस बारे में दोनों देशों के साथ स्पष्ट बात करनी चाहिए। 2019 का उदाहरण भी दुनिया के सामने है, जब अमेरिकी रोक के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 16 का इस्तेमाल किया था। दुनिया को यह बताने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना को दी गई एक भी गोली किसी टेरर कैंप में पहुंच सकती है। आर्थिक मदद न मिले अमेरिका और भारत के करीबी रिश्ते हैं। दूसरी ओर, चीन के साथ सीमा विवाद भले हो, लेकिन आर्थिक रिश्ते मजबूत हैं। 2024 में दोनों के बीच 118 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार हुआ और इसमें पलड़ा चीन की तरफ झुका हुआ है। अमेरिका और चीन – दोनों को भारत का बाजार चाहिए। भारत को अपनी इस मजबूत आर्थिक हैसियत का फायदा उठाते हुए साफ कर देना चाहिए कि पाकिस्तान को अब और आर्थिक मदद नहीं। इसी तरह की बातचीत यूएई और सऊदी अरब के साथ भी होनी चाहिए, जहां से इस्लामाबाद को आर्थिक मदद मिलती रहती है। दो टूक बात पड़ोसी देश के छेड़े छद्म युद्ध से निपटने के लिए भारत को अपना रुख बेहद कड़ा करना होगा। इस दो टूक बातचीत में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि जो देश पाकिस्तान को आर्थिक या सैन्य मदद देंगे, वे भारत का भरोसा खोएंगे।

## 28 अप्रैल को तटीय राज्यों की बैठक

# केंद्र 255 करोड़ रुपये की मत्स्य पालन परियोजनाओं का करेगा ऐलान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह सोमवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत सात तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 255.30 करोड़ रुपये की लागत वाली प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

मुंबई में आयोजित होने वाले तटीय राज्यों के सम्मेलन में मंत्री समुद्री मत्स्य पालन को मजबूत करने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख पहलों का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान समुद्री मत्स्य पालन जनगणना अभियान, कछुआ बहिष्करण उपकरण (ळएऊ) परियोजना और पोत संचार और सहायता प्रणाली के लिए मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी होगी।




इस कार्यक्रम में मत्स्य पालन व पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन उपस्थित रहेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उत्कृष्ट सहकारी समितियों, मत्स्यपालन कृषक उत्पादक संगठनों, मत्स्यपालन स्टार्टअप्स और जलवायु-लचीले तटीय मछली पकड़ने वाले गांवों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना (पीएमएमकेएसएसवाई) के हिस्से के रूप में, लाभार्थियों को जल बीमा प्रमाणपत्र और किसान क्रेडिट कार्ड भी मिलेंगे।

# मारुति-सुजुकी इंडिया के चेयरमैन की टिप्पणी का हवाला देकर बोले रमेश

## भारत में लोगों की आय में ठहराव

नई दिल्ली। देश के केवल शीर्ष 12 प्रतिशत परिवार ही कार खरीद सकते हैं और इस स्थिति का मूल कारण भारत की बड़ी आबादी की आय में आई व्यापक स्थिरता है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को यह बात कही। आइए इस बारे में हम विस्तार से जानते हैं। देश के केवल शीर्ष 12 प्रतिशत परिवार ही कार खरीद सकते हैं और इस स्थिति का मूल कारण भारत की बड़ी आबादी की आय में आई व्यापक स्थिरता है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को यह बात कही। रमेश ने मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव की टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि भारत में कार खरीदना केवल 12 प्रतिशत परिवारों तक ही सीमित है।



कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूरा देश अब भी गहरी पीड़ा और सदमे की स्थिति में है। पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले ने हमारे जीवन पर गहरा असर डाला है। उन्होंने कहा, फिर भी, हम मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन द्वारा आज कही गई बातों पर ध्यान दिए बिना नहीं रह सकते, जिसका अर्थव्यवस्था पर बहुत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने भार्गव के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भारत में कार खरीदना मुख्य रूप से शीर्ष 12 प्रतिशत परिवारों तक ही सीमित है। जिनकी वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक है। रमेश ने बताया कि भार्गव के अनुसार, शेष 88 प्रतिशत परिवारों के लिए छोटी कारों के बारे में सोचना भी संभव नहीं है। मारुति के परिणामों के अनुसार कंपनी की बिक्री में लगभग 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2023-2024 और 2024-25 के बीच कुल यात्री वाहनों की बिक्री में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भार्गव ने कहा कि आगामी वर्ष में भी वृद्धि दर केवल 1-2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रमेश ने अपने पोस्ट में दावा किया, ₹इस स्थिरता का मूल कारण भारत के अधिकांश की वास्तविक आय में आया व्यापक ठहराव है।

# भारत के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी, रिपोर्ट में रोजगार और गरीबी पर की गई यह टिप्पणी

**नई दिल्ली।** भारत में रोजगार वृद्धि में सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से देश में रोजगार कामकाजी आयु वर्ग की आबादी की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है। इस वृद्धि का एक महत्वपूर्ण पहलू कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में इजाफा है।




विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, 2021-22 से रोजगार वृद्धि कामकाजी आयु वर्ग की आबादी से आगे निकल गई है। रोजगार दरें, विशेष रूप से महिलाओं के बीच बढ़ रही हैं।शहरी बेरोजगारी में भी कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह 6.6 प्रतिशत तक गिर गई। यह स्तर 2017-18 के बाद सबसे कम है। रिपोर्ट में शहरी बेरोजगारी में भी तेज गिरावट का उल्लेख किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शहरी बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत तक गिर गई। यह 2017-18 के बाद से दर्ज किया गया सबसे निचला स्तर है। 2018-19 के बाद पहली बार, रोजगार की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर अधिक पुरुष पलायन कर रहे हैं। साथ ही, ग्रामीण महिलाएं कृषि क्षेत्र में तेजी से नौकरी कर रही हैं, जो देश भर में रोजगार के पैटर्न में बदलाव का संकेत देता है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में लगातार सामने आ रही चुनौतियों की ओर भी इशारा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार युवा बेरोजगारी 13.3 प्रतिशत है। उच्च शिक्षा पूरी करने वालों में यह दर और भी अधिक है। उनमें से 29 प्रतिशत अभी भी नौकरी की तलाश में हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, केवल 23 प्रतिशत गैर-कृषि भुगतान वाली नौकरियाँ औपचारिक हैं, और अधिकांश कृषि रोजगार अनौपचारिक हैं।

# भारत-पाक तनाव बढ़ने के बावजूद विदेशी निवेशकों की वापसी, 17424 करोड़ की खरीदारी

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) इस हफ्ते भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बने रहे। इस दौरान उन्होंने 17,424.88 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। एनएसडीएल की ओर से जारी आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है। हाल ही में, कश्मीर में आतंकवादियों की ओर से निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद एक बड़ी भू-राजनीतिक चिंता पैदा हुई है। इसके कारण भारतीय बाजारों पर एक बड़ा असर दिखा। निवेशकों को भारत की जवाबी कार्रवाई की आशंका है, जैसा कि उरी और बालाकोट हमलों के बाद हुआ था। पिछली बार भारत की ओर से आतंकी हमलों के 10 और 15 दिन बाद कार्रवाई की गई थी। बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के अनुसार भू-राजनीतिक नतीजे और कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई का जोखिम भारतीय बाजारों पर हावी है। उन्होंने कहा कि अच्छी आय, अच्छे एफपीआई प्रवाह और टैरिफ युद्ध में नरमी जैसे मजबूत वैश्विक संकेतों के बावजूद कश्मीर में हुए हत्याकांड के बाद भारतीय बाजार फिसल गए। यह भू-राजनीतिक असर अगले कुछ हफ्तों तक भारतीय बाजारों को धीमा रख सकता है। भले ही भारतीय कंपनियों ने अच्छी आय दर्ज की हो, विदेशी निवेशकों ने मजबूत निवेश किया हो और वैश्विक संकेत टैरिफ युद्ध के संभावित समाधान की उम्मीद बढ़ी हो लेकिन कश्मीर की घटना के बाद भारतीय बाजार में बिकवाली दिखी। पिछले दो हफ्तों में मजबूत निवेश के बावजूद, अप्रैल में शुद्ध एफपीआई निवेश नकारात्मक बना हुआ है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल के लिए शुद्ध निकासी 5,678 करोड़ रुपये है। यह बताता है कि हाल के समय में बाजार में लौटा निवेश उससे पहले हुई निकासी की भरपाई फिलहाल पूरी नतह से नहीं कर पाया है। वर्ष 2025 की बात करें तो विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से बड़ी मात्रा में निकासी की है। 2025 के लिए अब तक एफपीआई की ओर से शुद्ध निकासी 1,22,252 करोड़ रुपये है। वैश्विक बाजार में भले ही आने वाले कुछ दिनों में सकारात्मक रुख दिखे पर भारत-पाकिस्तान की सीमा पर बढ़े मौजूदा तनाव के कारण भारतीय बाजारों पर दबाव दिख सकता है।




## रोचक तथ्यों का करंट



- सबसे बड़ा हिमपात खंड बर्फ गिरते समय बर्फ का टुकड़ा 15 इंच चौड़ा और 8 इंच मोटा हो सकता है।
- धरती पर पहला ऐसा जानवर जिसने कोई सवाल पूछा हो, वो एक तोता है, Alex नाम के इस अफ्रीकी तोते ने पूछा कि वह किस रंग का है, इस तोते के पास इतना दिमाग है की 7 रंग और 35 अलग-अलग आकर पहचान सकता है।
- विश्व के सिर्फ 11 प्रतिशत लोग ही बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- यदि आप चाहते हैं की आपका ध्यान काम में लगा रहे तो बैकग्राउंड में हल्का म्यूजिक बजा दें।
- दुनिया में मौजूद सभी मनुष्यों का भार दुनिया में मौजूद चींटियों के भार जितना है।
- भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के 5वे स्थान पर हैं.
- कोड़े (Bullwhip) तीनों की गति इतनी तेज होती है कि इसकी आवाज किसी छोटे सुपर सोनिक बूम जैसी होती है।
- खाने का स्वाद उसमें लार यानी सलाइवा मिलने के बाद ही आता है।
- यदि मकड़ी को जलाया जाये तो वो बारूद की तरह फट जायगी।
- भारत का सबसे अमीर मंदिर Padmanabhaswamy Temple है।

## राशिफल

**मेष:** जातक नया काम शुरू करने से पहले विचार लें। आज का दिन कुछ खास अच्छा नहीं है। पढ़ाई लिखाई के लिए यह समय उत्तम है।

**वृष:** राशिवालों आज का दिन आज जातक को भाग्य से हर संभव सहायता मिलेगी ऑफिस में शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। सेहत अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आज का दिन जातक को सचेत रहने की आवश्यकता है। किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती है, हर काम में बाधा आ सकती है।

**कर्क:** आज का दिन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा, परिवार के लोगों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। बड़ों के आशीर्वाद से दिन की शुरूआत करें, शुभ होगा।

**सिंह:** आज का दिन आज शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। हर तरफ आज का दिन जातक के लिए अच्छा रहेगा।

**कन्या:** विद्यार्थियों के लिए यह समय खास अच्छा नहीं है परीक्षा में निराशा सामना करना पड़ेगा माता की सेवा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होगी। दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा।

**तुला:** परिवार से हर संभव सहायता मिलेगी। अपने से बड़ों के साथ समय व्यतीत करना पसंद करेंगे। अपने गुरुजनों के सानिध्य में रहे समस्या का समाधान होगा।

**वृश्चिक:** परिवार के किसी सदस्य के कारण आज चिंता में रह सकते हैं। इस समय ऑफिस में सब आपके खिलाफ है। सतर्क रहें।

**धनु:** जातक को अपने स्वभाव पर काबू रखने की आवश्यकता है। किसी के साथ मतभेद पैदा हो सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में मन मुताबिक सफलता की प्राप्ति नहीं होगी।

**मकर:** आग और बिजली के समान से सावधान रहें। अनहोनी होने के योग हैं। आज किसी तरह का आरोप आप के ऊपर लग सकता है, सावधान रहें।

**कुंभ:** आज समय अच्छा नहीं हैं अशुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। विद्यार्थियों के लिए समय खास अच्छा नहीं है, परीक्षा में अशुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**मीन:** आज सेहत के प्रति सचेत रहें। ऑफिस में शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। अपने स्वभाव पर नियंत्रण रखने की जरूरत है।

## चुटकुले

छुट्टी के लिए कर्मचारी ने बॉस से बताई कमाल की वजह,
कर्मचारी- सर, मुझे दो दिन की छुट्टी चाहिए...
बॉस- क्या काम है, किसलिए छुट्टी चाहिए?
कर्मचारी- काम तो कुछ खास नहीं है बस लेकर देखना है कि छुट्टी कैसी होती है।

---

टीचर- तुम परिंदों के बारे में सब जानते हो ?
संजू- हां
टीचर- अच्छा ये बताओ कौन सा परिंदा उड़ नहीं सकता ?
संजू- मरा हुआ परिंदा
टीचर- भाग पागल कहीं का...

---

मोनू (सोनू से) तुम इस ऑफिस में कब से काम कर रहे हो।
सोनू जब से बॉस ने मुझे नौकरी से निकालने की धमकी दी है।

## 27 04 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


# आज के जन्मदिन


निशा अग्रवाल
अभिनेत्री


सुनीता शर्मा


एकता गुप्ता


गुनगुन


नीरज चौधरी


सतीश शर्मा


प्रदीप कंसल


बी सिंह


सूर्य प्रकाश शर्मा


अंकित गौड़


के पी चतुर्वेदी


अमित यादव


संजय पाल


नोसाद सैफी


लक्ष्मीसिंह


संदीप तिवारी


पवन पांचाल


प्रवेश जैन



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

## करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पंजाब से पिछली हार का बदला चुकता करने उतरेगी केकेआर, श्रेयस-रहाणे पर रहेंगी नजरें

**कोलकाता।** अंक तालिका में केकेआर आठ मैचों में तीन जीत के साथ सातवें पायदान पर है जबकि पंजाब पांच मुकाबले जीतकर 10 अंकों के साथ पांचवें पायदान पर है।

### श्रेयस ने दिलाया था केकेआर को खिताब

12 महीने पहले श्रेयस अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था। शनिवार को वह विरोधी टीम की जर्सी पहनेंगे और आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब को प्लेआफ में पहुंचाने की दिशा में अगला कदम बढाने के इरादे से उतरेंगे। केकेआर ने उन्हें रिलीज करके सभी को हैरत



**आईपीएल 2025 का 44वां मैच शनिवार को कोलकाता नाइट राडर्स और पंजाब किंग्स के बीच ईडेन गार्डंस में खेला जाएगा। इस मैच में अजिंक्य रहाणे की अगुआई वाली टीम पंजाब से पिछली हार का बदला लेने उतरेगी**

में डाल दिया था लेकिन पंजाब किंग्स की कप्तानी अय्यर को रास आ रही है। प्लेऑफ की उम्मीदों को बरकरार रखने उतरेगी केकेआर अय्यर पूरे आत्मविश्वास के साथ कप्तानी कर रहे हैं। वह अब तक तीन अर्धशतक समेत 263 रन बना चुके हैं। अब उनका इरादा शतक जड़ने का होगा। अब उनके पास अपने बल्ले से जवाब देने का सुनहरा मौका है जैसे नाबाद अर्धशतक जमाकर केएल राहुल ने अपनी पूर्व टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाकर किया था। केकेआर आठ में से पांच मैच हार चुका है और एक और हार से प्लेआफ की उसकी राह असंभव हो जाएगी। उसका शीर्षक्रम चल नहीं पा रहा और मध्यक्रम जिम्मेदारी से नहीं खेला। स्पिन आक्रमण अपने गढ ईडन गार्डंस पर नाकाम साबित हुआ है। उसे अगले छह में से पांच मैच हर हालत में जीतने होंगे।

## वर्ल्ड कप की हार और चैंपियंस ट्रॉफी, शुभमन गिल ने ताजा की यादें




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल ने एक हालिया इंटरव्यू में चैंपियंस ट्रॉफी में मिली जीत को लेकर बात की है। हॉलीवुड रिपोर्टर ने गिल का इंटरव्यू किया है। इसमें गिल ने क्रिकेट से जुड़ी तमाम यादें भी शेयर की हैं। इन यादों में वनडे वर्ल्ड कप फाइनल की हार और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत शामिल है। इसके अलावा गिल ने यह भी बताया है क्रिकेट की उनकी शुरूआती यात्रा कैसी रही। अपने इस इंटरव्यू में युवा भारतीय क्रिकेटर ने रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर भी चर्चा की है।

इस इंटरव्यू में गिल से पूछा गया था कि चैंपियंस ट्रॉफी को उठाने की फीलिंग कैसी थी। इसके जवाब में गिल ने कहाकि इस फीलिंग को शब्दों में बयां कर पाना काफी मुश्किल था। उन्होंने कहाकि मैंने तो बस सपना ही देखा था कि भारत के लिए खेलूंगा। आईसीसी ट्रॉफी जीतूंगा। लेकिन हकीकत में विराट भाई और रोहित भाई साथ ऐसा करना यकीनन बहुत बड़ी बात है। गिल ने कहाकि मैं इन लोगों को खेलते देखकर बड़ा हुआ हूं। ऐसे में इन लोगों के साथ ट्रॉफी जीतना अपने आप में बेहद खास है। उन्होंने कहाकि यह लोग मेरे आदर्श रहे हैं। ऐसे में इनके साथ खेलना और जीतना बहुत मायने रखता है। हम सबसे बेहतरीन टीम थे शुभमन गिल से पूछा गया था।

## नीलामी में गलतियां हुईं, प्लेऑफ से बाहर होने पर सीएसके के कोच फ्लेमिंग का बयान

**चेन्नई।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। उसे अब कोई चमत्कार ही अंतिम चार में पहुंचा सकता है। पांच बार की चैंपियन सीएसके की हार से जहां एकतरफ फैंस निराश हैं, वहीं दूसरी तरफ सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने टीम के खराब प्रदर्शन को लेकर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि पिछले साल हुई मेगा नीलामी में उनकी टीम से गलतियां हुईं। वहीं, टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि टीम मैनेजमेंट किसी की एक दो गलतियां सुधार सकता है, लेकिन ज्यादा नहीं सुधार सकता। शुक्रवार को चेन्नई को अपने घर में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। यह टीम की इस सीजन सातवीं और अपने घर पर



लगातार चौथी हार रही। सीएसके की टीम अंक तालिका में फिलहाल 10वें स्थान पर है। 'सही टीम संयोजन तैयार नहीं कर पाए. फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि शायद मेगा नीलामी में उनकी तरफ से कुछ गलतियां हुई जिसके कारण वह सही टीम संयोजन तैयार नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, 'हार की मुख्य वजह बता पाना मुश्किल है। हमने जो प्रदर्शन किया है उसे अपनी खेल शैली से मिलाकर विस्तार से विचार कर रहे हैं। साथ ही यह भी देखने की कोशिश कर रहे हैं कि टीम में कितना विकास हो रहा है। हमें अपने रिकॉर्ड पर गर्व है क्योंकि हम लंबे समय तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में सफल रहे हैं।' फ्लेमिंग ने कहा, 'अन्य टीम हमसे बेहतर होती गईं और नीलामी ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम नीलामी में टीम को सही नहीं कर पाए। इसलिए हर चीज की जिम्मेदारी लेनी होगी। नीलामी कोई आसान काम नहीं है। यह मानसिक और शारीरिक रूप से थका देने वाला होता है, लेकिन मेरा अब भी मानना है कि हमने अच्छी टीम का चयन किया था।' 'एक समय में चार-पांच खिलाड़ी फॉर्म खोएं तो वहीं, धोनी ने टीम के लगातार खराब प्रदर्शन पर कहा कि जब एक ही समय में चार-पांच खिलाड़ी फॉर्म खो देते हैं।

## पाकिस्तान क्रिकेट में पहली बार हुआ ऐसा, मानसिक स्वास्थ्य के कारण पूर्व कप्तान ने खेल से लिया ब्रेक

**कराची।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान निदा डार ने क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये इसकी जानकारी दी है। डार ने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देते हुए यह फैसला लिया और कहा कि उनकी निजता का सम्मान किया जाना चाहिए। निदा डार ने इसकी जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी दे दी है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण राष्ट्रीय चयन से नाम वापस ले लिया है।

### पहली बार पाकिस्तान क्रिकेट में हुआ ऐसा

पाकिस्तान क्रिकेट में यह पहली बार है जब किसी खिलाड़ी ने मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देकर क्रिकेट से




ब्रेक लेने का फैसला लिया हो। 39 वर्षीय निदा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया, 'पिछले कुछ महीनों में मेरे आसपास व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बहुत कुछ हुआ है। इसने मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला है। मैंने ऐसे में खुद पर ध्यान देने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं सभी से इस दौरान मेरी निजता का सम्मान करने की अनुरोध करती हूं।'

पाकिस्तान की दिग्गज ऑलराउंडर्स में शुमार निदा इस टीम का चेहरा रही हैं। निदा ने पाकिस्तान के लिए 272 अंतरराष्ट्रीय (वनडे और टी20) मैच खेले है। पीसीबी ने उन्हें हाल ही में लाहौर में आयोजित आईसीसी महिला विश्व कप क्वालिफायर के लिए टीम के चयन के लिए खुद को उपलब्ध कराने के लिए कहा था। निदा ने फिटनेस टेस्ट के लिए उपस्थिति दर्ज कराई। उन्हें इसके बाद अभ्यास शिविर से जुड़ने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। निदा ने 2024 में पिछला मैच खेला था निदा ने कहा कि उनके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन दोनों में हाल की घटनाओं ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को काफी प्रभावित किया है। वह हाल ही में महिला राष्ट्रीय टी20 कप में भी नहीं खेली थीं।

## त्रिकोणीय सीरीज में भारत का पहला मुकाबला श्रीलंका से, युवा खिलाड़ियों पर रहेगा दारोमदार

**कोलंबो।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार से श्रीलंका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। पहले मैच में उसका सामना मेजबान श्रीलंका से होगा। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है। हरमनप्रीत कौर टीम इंडिया की कमान संभालेंगी। यह त्रिकोणीय सीरीज 27 अप्रैल को शुरू होगी और 11 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस सीरीज में भारतीय टीम का दारोमदार काशवी गौतम समेत युवा खिलाड़ियों पर होगा।

भारतीय टीम इस टूनार्मेंट के जरिए साल के आखिर में घरेलू धरती पर होने वाले महिला वनडे विश्व कप की तैयारी भी शुरू करेगी। भारत का बल्लेबाजी विभाग अच्छा नजर आता है, लेकिन उसे एक अदद गेंदबाजी




संयोजन तैयार करने की जरूरत है। भारत की पूर्व अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप विजेता काशवी ने महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जाएंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 6.45 की इकॉनमी रेट से नौ मैचों में 11 विकेट लिए। तितास साधु, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के चोटों के कारण बाहर हो जाने से भारतीय तेज गेंदबाजी अरुंधति रेड्डी पर निर्भर है, जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर टीम में एकमात्र अन्य मध्यम गति की गेंदबाज हैं। प्रेमदासा स्टेडियम में धीमी गति के गेंदबाजों का हमेशा बोलबाला रहा है। ऐसे में सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के साथ-साथ मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी के 50 में से 30 ओवर फेंकने की उम्मीद है। जरूरत पड़ने पर हरमनप्रीत भी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी कर सकती हैं। भारतीय टीम में त्रिकोणीय सीरीज से पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड को तीन तीन वनडे मैच में हराया था।

## चेपॉक पर 76 मैचों में तीसरी बार ऑलआउट हुई सीएसके

**चेन्नई।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही चेन्नई की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो चुकी हैं। कोई चमत्कार ही अब इस टीम को अंतिम-चार में पहुंचा सकता है। सीएसके राजस्थान रॉयल्स के बाद प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली दूसरी टीम है। यह सत्र सीएसके के लिए बेहद खराब रहा। गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी या फिर फील्डिंग, तीनों श्रेणी में सीएसके के खिलाड़ियों ने खराब प्रदर्शन किया।

नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद महेंद्र सिंह धोनी को एक बार फिर कप्तानी सौंपी गई, लेकिन इससे टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। टीम के



खराब प्रदर्शन का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि सीएसके ने अपने होम ग्राउंड चेपॉक में दूसरी बार लगातार चार मैच गंवाए। वहीं, एक सत्र में पहली बार टीम चेपॉक में लगातार चार मैच हारी है। वहीं, सनराइजर्स ने चेपॉक में चेन्नई के खिलाफ छह मैचों में पहली जीत दर्ज की। चेपॉक में पहली बार एक सीजन में लगातार चार मैच हारी चेन्नई की टीम चेपॉक में एक सीजन में पहली बार लगातार चार मैच हारी है। वहीं, 2008 और 2010 में भी सीएसके ने चेपॉक में लगातार चार मैच हारे थे, लेकिन तब दो सीजन को मिलाकर ऐसा हुआ था। 2008 में चेन्नई ने चेपॉक में अपने आखिरी दो मैच और 2010 में चेपॉक में शुरूआती दो मैच गंवाए थे। आईपीएल 2009 दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था।

## अंबाती रायडु ने पंजाब किंग्स को बताया प्लेऑफ्स का प्रबल दावेदार

**चेन्नई।** आईपीएल 2025 में कई चैंपियन टीमों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडु का मानना है कि पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए काफी प्रेरित होंगे। श्रेयस ने पिछले सीजन अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को चैंपियन बनाया था, हालांकि उन्होंने अलग होने का फैसला किया और इस कारण फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन नहीं किया।

आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसके बाद पंजाब ने उन्हें टीम का कप्तान नियुक्त किया। रायडु का मानना है कि पंजाब किंग्स मजबूत टीम है और उनको विश्वास है कि वह प्लेऑफ्स में पहुंचने की प्रबल दावेदार हैं। अंबाती रायडु ने जियोहॉटस्टार से



कहा, ''उनके पास इस मैदान और केकेआर की अच्छी यादें होंगी, क्योंकि पिछले सीजन में उन्होंने उनके साथ आईपीएल जीता था। उनके अंदर आग लगी होगी। क्योंकि वह रिटेन नहीं किए गए थे और अब वह पंजाब की कप्तानी कर रहे हैं। इस सीजन में पंजाब मजबूत टीम दिख रही है और मैं उन्हें प्लेऑफ्स के लिए गंभीर दावेदार के रूप में देखता हूं। अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का सामना श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स के खिलाफ होगा।

## आईपीएल 2025 में अजब संयोग: पिछले साल भी 26 अप्रैल को ही हुआ था कोलकाता-पंजाब का मुकाबला, रच गया था इतिहास

**कोलकाता।** आईपीएल 2025 में आज यानी 26 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना ईडन गार्डेंस में पंजाब किंग्स से है। यह इस सीजन इन दोनों के बीच दूसरा मुकाबला होगा। इससे पहले मुल्लांपुर में पंजाब ने कोलकाता के खिलाफ सबसे छोटे स्कोर का बचाव किया था। ऐस में कोलकाता की टीम पंजाब से बदला लेने उतरेगी। हालांकि, 26 अप्रैल का यह दिन बेहद खास है। एक साल पहले इसी तारीख को कोलकाता और पंजाब के बीच ईडन गार्डेंस में मुकाबला हुआ था और तब पंजाब की टीम ने इतिहास रचा था। क्या आज के मैच में भी कुछ खास होगा, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन एक अजब संयोग इस मैच से जुड़ गया है।

दरअसल, 26 अप्रैल 2024 को पंजाब और कोलकाता आमने-सामने आए थे। तब पंजाब ने आईपीएल और टी20 इतिहास का सबसे सफल चेज



किया था। हालांकि, तब श्रेयस अय्यर पंजाब नहीं, बल्कि कोलकाता के कप्तान थे और उनके सामने पंजाब ने चौके-छक्कों की बौछार की थी। अब वह पंजाब के कप्तान हैं और चाहेंगे कि उनकी टीम पिछले साल वाले अपने प्रदर्शन को आज भी दोहराए।

पंजाब ने इसे 18.4 ओवर में हासिल किया था। जॉनी बेयरस्टो ने 48 गेंद में 108 रन की नाबाद पारी खेली थी, जबकि शशांक सिंह ने 28 गेंद में 68 रन बनाए थे। इसके अलावा प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंद में 54 रन की पारी खेली थी। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 261 रन बनाए थे। फिल सॉल्ट ने 37 गेंद में 75 रन और सुनील नरेन ने 32 गेंद में 71 रन की पारी खेली थी। इससे पहले आईपीएल में सबसे बड़े चेज का रिकॉर्ड राजस्थान के नाम था। उसने 2020 में पंजाब के खिलाफ 224 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

**साल 2024 में जब ये दोनों टीमें आमने-सामने आई थीं, तब पंजाब ने कोलकाता के दिए 262 रन के लक्ष्य को दो विकेट गंवाकर सफलतापूर्वक हासिल किया था। यह आईपीएल और टी20 इतिहास का सबसे बड़ा चेज था**

वहीं, टी20 में सबसे बड़े सफल चेज का रिकॉर्ड पंजाब से पहले दक्षिण अफ्रीका क नाम था। 2023 में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 259 रन चेज किए थे।

वहीं, इस साल जब दोनों टीमें 15 अप्रैल को आमने-सामने आईं तो पंजाब ने 111 रन पर ऑल आउट होने के बाद केकेआर की पारी को 95 रन पर समेट कर आईपीएल में सबसे छोटे लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के नाम था। सीएसके ने ऐसा 2009 में पंजाब के खिलाफ किया था। तब चेन्नई ने 116 रन बनाए थे और इसका बचाव किया था। पंजाब की टीम कोलकाता के खिलाफ पिछले दो मैच जीत चुकी है और आज इस टीम के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने उतरेगी। पंजाब और कोलकाता के बीच खेले गए पिछले आठ मुकाबलों में 15 अप्रैल को हुए मैच से पहले तक ऐसा होता रहा था कि एक मैच पंजाब की टीम जीतती थी और एक मैच कोलकाता की टीम।

# विद्युत कार्ययोजना पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने की समीक्षा बैठक

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शनिवार को विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता नरेश भारती, लोनी विद्युत वितरण खंड के सभी अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता के साथ विशेष बैठक कर 2025-26 के लिए तैयार की गई 48 करोड़ रुपये की विद्युत कार्ययोजना और रिपेयर योजनांतर्गत चल रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में लोनी क्षेत्र में विद्युतीकरण, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, नए बिजली घरों की स्थापना, बिजली के खंभों का अधिष्ठापन तथा जर्जर तारों के प्रतिस्थापन से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई।



विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने विभाग को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए ताकि लोनी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो और लोगों को लंबे समय तक पावर कट का सामना न करना पड़े। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप लोनी में शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। जो भी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, उन पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही हो। गर्मी के मौसम में किसी भी नागरिक को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं मुख्य अभियंता नरेश भारती ने बताया लोनी क्षेत्र के विकास के लिए 48 करोड़ रुपये की विद्युत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इसमें ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, नए फीडर की स्थापना, पुराने तारों को बदलना और विद्युत संरचना को सुदृढ़ करना शामिल है। विभाग ने कार्यों की रूपरेखा तय कर ली है और जल्द ही सभी कार्यों की शुरूआत कर दी जाएगी, ताकि लोगों को विधायक जी की मंशा के अनुरूप निर्बाध और गुणवत्ता युक्त विद्युत आपूर्ति मिल सके। बैठक के अंत में विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी कार्य जनता के हित को ध्यान में रखते हुए समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने ग्राम शकलपुरा में पानी की टंकी का किया शुभारंभ

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शकलपुरा में शनिवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी का लोकार्पण लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद किया गया। 2 करोड़ 8 लाख रुपये से अधिक की लागत निर्मित पानी की टँकी से हजारों ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।



इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर जल संकल्प को साकार करने की दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ग्राम शकलपुरा के निवासियों को अब शुद्ध पेयजल के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

जल जीवन मिशन के तहत सरकार लोनी के हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह परियोजना ग्रामवासियों के जीवन स्तर में बड़ा परिवर्तन लाएगी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस दौरान जनता से पानी का संरक्षण करने की भी अपील की। विधायक ने कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याओं का भी निस्तारण किया।

इस अवसर पर जल निगम के वरिष्ठ अभियंता भारत भूषण, सहायक अभियंता श्री महेंद्र सिंह, अवर अभियंता सुमित कुमार, ग्राम प्रधान रवि प्रधान, मास्टर रजत सिंह, जब्बर सिंह, मास्टर राज सिंह समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बेसुध हालत में मिला अधेड़, दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में मौत

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के पाइपलाइन मार्ग मेट्रो अस्पताल के पास मंगलवार को रोड के किनारे गडडे में एक अज्ञात अधेड़ बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने लोनी के 50 बेड संयुक्त सरकारी अस्पताल



में भर्ती कराया लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखकर डॉक्टरों ने दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया जहां डॉक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया।

एसीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष है उसके एक हाथ पर मेहरबान नाम गुदा हुआ है मृतक की पहचान नहीं हो सकी है पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान होने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# हाईटेंशन लाइन से खतरा भाकियू का प्रदर्शन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नगर पंचायत निवाड़ी की ओर से तालाब के जीर्णोद्धार के बाद से विधुत विभाग की ओर से बिछाई गई हाईटेंशन लाईन लोगों के लिये जान



का खतरा बनी हुई है। जिसके विरोध में भाकियू किसान सभा के संरक्षक सतेंद्र त्यागी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया ओर लाईन को ठीक कराने की मांग उठाई। बताते चले कि नगर पंचायत निवाड़ी में बस स्टैंड के समीप वाले तालाब का जीर्णोद्धार कुछ समय पहले शुरू हुआ था। तालाब के चारों तरफ नगरवासियों के लिए सुबह-शाम टहलने के लिए तालाब के चारों तरफ एक पटरी बनाई गई हैं। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सतेन्द्र त्यागी का कहना है कि इस पटरी के नीचे मार्निव व ईवनिगं वॉक करना तक अब मुश्किल हो गया हैं। विभाग की ओर से बिछाई गयी 11हजार उच्चक्षमता की लाईनों के तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता हैं। उन्होंने मांग की है कि शीघ्र ही इस जर्जर 11हजार उच्चक्षमता की विद्युत लाइन को ऊंचा करा कर नई लाइन बिछाई जाये, अन्यथा कस्बावासी आंदोलन तेज करेंगे। प्रदर्शन में भाकियू किसान सभा के प्रवीण त्यागी, देवांश त्यागी, रोहताश प्रजापति, राहुल सैक्सना, मदनलाल फौजी, जयभगवान, मनोज त्यागी, सतीश प्रजापति, अंकित त्यागी, सभासद मांगू केवट, जगदीश कुमार, राजकुमार त्यागी, निक्कू त्यागी, वेदांत त्यागी, बिट्टू त्यागी आदि मौजू रहें।

# डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित शैक्षिक संस्थानों में शैक्षणिक विदेशी भ्रमण का आयोजन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ0 केएन मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित शैक्षिक संस्थानों में छात्रों को वैश्विक प्रबंधन दृष्टिकोण और अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य




से एक शैक्षणिक विदेशी भ्रमण का आयोजन किया है। यह भ्रमण 25 से 29 अप्रैल 2025 तक मलेशिया में आयोजित किया जाएगा।

फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ0 डीके मोदी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से इस प्रकार की शैक्षणिक पहलों को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है, जो छात्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनने में सक्षम बनाती हैं। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ0 रविंद्र कुमार ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें यात्रा के दौरान सभी सुरक्षा दिशा-निदेर्शों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को इस अनुभव से अधिकतम लाभ उठाने, मलेशिया की संस्कृति, व्यापारिक वातावरण व प्रबंधन प्रथाओं को समझने के लिए प्रेरित किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों के साथ संस्थान के प्रवेश प्रबंधक सुधांशु चतुर्वेदी भी उपस्थित रहेंगे, जो पूरे कार्यक्रम में छात्रों की देखरेख और मार्गदर्शन करेंगे।

# एसआरएम में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ई-स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का आयोजन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ई-स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर की विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त सचिव, युवा मामले एवं खेल भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली डॉ0 बलजीत सिंह सेखों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया।



उन्होंने युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ई-स्पोर्ट्स को 21वीं सदी की नई प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में एक सशक्त माध्यम बताया और प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा की। निदेशक डॉ0 एस विश्वनाथन ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए ई-स्पोर्ट्स के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत किया, वहीं रजिस्ट्रार डॉ0 एस पोनुसामी ने संस्था की प्रतिबद्धता व विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति दृष्टिकोण साझा किया। इसके पश्चात, डॉ0 धौम्या भट्ट व डॉ0 आरपी महापात्रा ने आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस आयोजन ने न केवल तकनीकी और खेल प्रतिभा को एक मंच पर लाने का कार्य किया, बल्कि विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग और सौहार्द की भावना को भी सुदृढ़ किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर पल्लवी जैन, मुदित दीक्षित, हिमांशु, तमिलारसन आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन डॉ0 आर मोहनकृष्णन ने किया।

## न्यूज डायरी

### सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ एसडीएम ने छेड़ी मुहिम

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसडीएम ने राजस्व टीम को साथ लेकर पुलिस बल की मौजूदगी में गांव तलैहटा में 50बीघा भूमि को मुक्त कराई है। जिसकी कीमत 50करोड रुपए बतायी गयी हैं। इस कार्यवाही से भू :माफियाओं के बीच खलबली मची हुई हैं। नवागुंतक एसडीएम निखिल चक्रवती के समक्ष गांव तलैहटा में ग्राम के खसरा नंबर– 175 की 33 बीघा व खसरा नंबर –669 की 17 बीघा जमीन पर दबंगो की ओर से कब्जा कर फसल बोने की रिपोर्ट राजस्व विभाग की ओर से सामने आई थी। रिपोर्ट के बाद एसडीएम ने राजस्व टीम को साथ लेकर पुलिस बल की मौजूदगी में गांव की इस 50बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान ब्लॉक के बीडीओं पीयूष राय के अलावा तहसील प्रशासन से नायब तहसीलदार सचिन पंवार, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक आलोक कुमार भी मौजूद रहें। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती की ओर से जमीन की पैमाईश कराकर सीमांकन करते हुए जमीन सरकारी कब्जे में ली गई। उन्होने भू :माफियाओं को हिदायत दी कि यदि सरकारी भूमि पर कब्जा पाया गया तो उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुये कडी कार्यवाही तो की जायेगी ही, साथ ही जुमार्ना भी वसूला जायेंगा। सरकारी भूमिओं को कब्जामुक्त कराकर यहां बोर्ड भी लगेंगा कि यह जमीन सरकारी है।

### पत्नी पर अवैध संबंधों का आरोप, पति ने सोशल मीडिया पर लगाई न्याय की गुहार

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पत्नी की करतूतों से परेशान एक पति ने अपने बच्चों को जान का खतरा बताकर व पत्नी पर अवैध संबंधों का आरोप लगाते हुये के सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर न्याय की गुहार लगाई है। उसने पत्नी, उसके कथित प्रेमी से अपनी व अपने बच्चों की जान को खतरा बताया है।

भोजपुर थानान्तर्गत गांव भोजपुर निवासी सुनील की शादी 2011 में हुई थी, उनके एक पुत्र व एक पुत्री है। आरोप है कि पिछले 8 वर्षो से उनकी पत्नी का गांव के एक व्यक्ति से अवैध संबंध है। पत्नी दोनों बच्चों के साथ उसी व्यक्ति के साथ रह रही है। सुनील ने बताया कि उन्होंने अपना मकान पत्नी के नाम कर दिया था। अब पत्नी उन्हें मकान में प्रवेश नहीं करने दे रही है। न्याय पाने के लिए वह काफी समय से प्रयासरत हैं। न्याय की गुहार लगाते हुये सुनील ने अपनी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल की हुई है (जिसकी करंट क्राइम) पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने कहा है कि वायरल वीडियो का संज्ञान ले मामले की जांच की जा रही है।

### पंजाबी मंच ने राष्ट्रपति से की आतंकवादी हमले के विरोध में कठोर कार्रवाई की मांग

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पंजाबी मंच नामक सामाजिक संगठन ने महामहीम राष्ट्रपति को लिखे एक पत्र में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में हुए भीषण आतंकवादी हमले से अत्यंत व्यथित हैं, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर रेजिस्टेंस नामक एक आतंकवादी संगठन ने ली है, जो पाकिस्तान स्थित लश्कर–ए–तैयबा से संबद्ध है। यह हमला न केवल मानवता के खिलाफ है, बल्कि हमारे देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर सीधा प्रहार है। इस घटना ने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया है और हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। संगठन ने, इस ज्ञापन के माध्यम से, सरकार से मांग की है कि कि इस जघन्य हमले के दोषियों को शीघ्र पकड़कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी कदम उठाए जाएं और विश्व समुदाय को इस विषय में जागरूक किया जाए, कश्मीर घाटी में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनार्वृत्ति न हो। हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के परिवारों को उचित मुआवजा और सहायता प्रदान की जाए। पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के द्विपक्षीय संबंधों की पुनः समीक्षा की जाए और आवश्यकतानुसार कठोर कदम उठाए जाएं।

# पहलगाम में हुए नरसंहार के विरोध में मोदीनगर के बाजार बंद






**मोदीनगर, करंट क्राइम।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा गोलीबारी की घटना में अपने प्राण गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांन्ति व उनके परिवारों को दुःख सहने की शक्ति के साथ ही घटना के विरोध में तमाम व्यापारी, सामाजिक, हिन्दूवादी, विभिन्न राजनीतिक पार्टियों व अनेक संगठनों ने मिलकर शनिवार को शहर के मुख्य बाजार पूर्णतय बंद रखें और घटना के विरोध में जुलूस निकालकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शनिवार को विभिन्न व्यापारीक, सामाजिक, राजनीतिक व हिन्दूवादी संगठनों ने मिलकर कर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा गतदिनों किये गये हमले के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर जुलूस निकाला और बाजारों को बंद रखा। इतना ही नही विरोध में नगर के अनेक स्कूल, कार्सलिज भी पूर्णतय बंद रहें, और पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर विरोध जताया। दो दिन पहले ही मोदीनगर स्कूल एसोसियेशन के अध्यक्ष नीरज त्यागी ने क्षेत्र के सभी स्कूल कालेजो को बंद रखने का ऐलान किया था। शनिवार को नगर के सभी व्यापारीक प्रतिष्ठान पूर्णतय बंद रहें और भाजपा सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, हिन्दूवादी व व्यापारी संगठनों ने मिकलर पहलगाम आतंकी हमले की घोर निंदा की और जुलस के रूप में नारेबाजी करते हुये पाकिस्तान सरकार का पूतला फुंका। जुलूस में शामिल प्रदर्शनकारियों ने मृतकों की आत्मा की शान्ति के लिये दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान भाजपा विघायक डॉ0 मंजू शिवाच, डॉ0 पवन सिंघल, देवेन्द्र चैधरी, अमित चैधरी, रोहित सिंघल, स्वदेश जैन, सतेन्द्र त्यागी, व्यापार संगठन के अध्यक्ष महेश तायल, अमित गोयल,संजय गुप्ता, हरेंद्र चैधरी, पुनीत वर्मा, धमेंद्र चैधरी आदि शामिल रहें।

# टीआरएम में आतंकी हमले की निंदा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में शनिवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमलें में आतंकियों द्वारा मारे गए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना बताया। गौरव माहेश्वरी व राधिका माहेश्वरी ने कहा कि पहलगाम में हुआ यह आतंकी हमला बहुत ही कायरता पूर्ण एवं घोर निंदनीय है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने हमले में मारे जाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। विद्यालय के विद्यार्थीगण, शिक्षक. शिक्षिकाओं व सभी कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# आईएमएस गाजियाबाद ने आयोजित किया राष्ट्रीय सम्मेलन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, गाज़ियाबाद ने सफलतापूर्वक दो दिवसीय एआईसीटीई प्रायोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जिसका विषय था आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस और भू-राजनीतिः नवाचार और व्यापार स्थिरता। इस शैक्षणिक महोत्सव में देशभर से शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, नीति-निमार्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिससे एक सशक्त मंच पर अंतःविषय विचार-विमर्श और ज्ञान-साझा को बढ़ावा मिला।



सम्मेलन में 170 से अधिक शोध पत्र और 120 से अधिक पोस्टर प्रस्तुतियाँ सम्मिलित थीं। देशभर के 22 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे कि क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, शारदा यूनिवर्सिटी, आईएमटी एवं अन्य प्रमुख बिजनेस स्कूल्स से भागीदारी रही। प्रतिभागियों ने 11 ट्रैक्स में मार्केटिंग, फाइनेंस, ह्यूमन रिसोर्स, ऑपरेशन्स और बिजनेस एनालिटिक्स जैसे विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत किए। सम्मेलन में 13 से अधिक बाहरी विशेषज्ञों ने चेयर के रूप में भाग लिया, जिससे अकादमिक गुणवत्ता में वृद्धि हुई। मुख्य अतिथि अमन लांबा, ग्लोबल डायरेक्टर ने एआई, रणनीति और एंटरप्राइज ग्रोथ के संगम पर प्रभावशाली भाषण दिया। देबप्रिय सादू सौरभ अग्रवाल, हेड स्ट्रेटेजी एवं ग्रोथ ने एआई के बढ़ते व्यापारिक योगदान पर विचार रखे और डेटा-संचालित निर्णयों की आवश्यकता को रेखांकित किया। सत्र का समापन सम्मान समारोह, सम्मेलन प्रतिबिंब और आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

इस सफल आयोजन के पीछे डॉ. प्रसून एम. त्रिपाठी, निदेशक (सम्मेलन अध्यक्ष) एवं डॉ. अजय कुमार पटेल, डीन-रिसर्च (सम्मेलन संयोजक) का कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शिता रही।

# एल्युमीनियम फोयल के स्क्रैप गोदाम में लगी भीषण आग

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** इंडस्ट्रियल एरिया में गुरुवार देर रात्री संदिग्ध परिस्थितियों में एक एल्युमीनियम फोयल के स्क्रैप गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की वजह एक कैंटर से हुई सीएनजी गैस की लीकेज बताई जा रही है, जो गोदाम में माल उतारने आया था। जैसे ही सीएनजी लीक हुई, आग ने तेजी से विकराल रूप ले धारण कर लिया और लपटें 30 फीट तक ऊंची उठने लगीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आसपास की फैक्ट्रियों को तुरंत खाली करा लिया गया। सूचना मिलने पर तत्काल दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन गाड़ियां भेजी गईं, किसी तरह घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



सिखैड़ा रोड इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित सरकारी स्कूल के पीछे कस्बा मुरादनगर निवासी गुलजार का एल्युमुनियम फोयल स्क्रैप का कारोबार हैं। बताया गया है कि एल्युमीनियम फोयल स्क्रैप से भरे वाहन ने सीएनजी लीक होते ही आग न भयंकर रूप ने लिया। आग देख आसपास की फैक्ट्रियों में भी हलचल मच गई। सूचना पाते ही दमकल विभाग की गाडियां बुला ली गयी। दमकल निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शुरूआत आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद गाजियाबाद, साहिबाबाद व आसपास से कुल छह दमकल गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

### साइबर ठगों ने सात लाख से अधिक का लगाया चूना

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक शातिर ठग ने बैंक अधिकारी बनकर पूछा कि क्रेडिट कार्ड चलाना चाहते हो या बंद करना। झांसे में लेकर बंद करने की आड़ में उसे लिंक भेजकर खाते से सात लाख से अधिक की रकम हड़प ली, वही मोदीनगर की एक महिला को होम ऋण दिलाने के झांसे में लेकर तीन लाख 92 हजार रुपए हड़प लिये। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर साइबर क्राइम टीम को जांच भेज दी है। इसी प्रकार निवाड़ी के गांव कुम्हैडा निवासी मोहसीन खान के साथ 28 हजार रुपए की धनराशि का फ्राड होना सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# मेलबर्न में पहलगाम हमले के विरोध में उतरे भारतीय 'पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो' के लगे नारे







**मेलबर्न।** मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। दर्शनकारियों ने निर्दोष लोगों की मौत पर दुख जताया। साथ ही पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और ऐसे हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकी समूहों को समर्थन और पनाह देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों में भी आक्रोश है। मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर शनिवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। उन्होंने पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो, पाकिस्तान सेना आतंकी सेना और हिंदुओं का जीवन मायने रखता है जैसे नारे लगाए। उधर, काठमांडू में भी लोगों ने पाकिस्तान दूतावास के पास विरोध प्रदर्शन किया। इसके अलावा लंदन में भी पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने निर्दोष लोगों की मौत पर दुख जताया। साथ ही पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और ऐसे हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकी समूहों को समर्थन और पनाह देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की। भारतीय समुदाय ने मांग की कि ब्रिटेन सरकार पाकिस्तान के उच्चायुक्त को आधिकारिक स्पष्टीकरण के लिए बुलाए। पाकिस्तान को सार्वजनिक रूप से हत्याओं की निंदा करनी चाहिए और आतंकवाद के समर्थन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। साथ ही अपराधियों और उनकी फंडिंग करने वालों को न्याय के दायरे में लाने के लिए कूटनीतिक दबाव डालना चाहिए।

### भारत ने लिए थे पांच कड़े फैसले

पहलगाम हमले के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार शाम को नई दिल्ली में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 1960 की सिंधु जल संधि पर रोक लगाने, अटारी में एकीकृत जांच चौकी को तत्काल प्रभाव से बंद करने का भी फैसला किया। यह घोषणा की गई कि दक्षेस वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत पाकिस्तानी नागरिकों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और पाकिस्तानी नागरिकों को अतीत में जारी किए गए ऐसे किसी भी वीजा को रद्द माना जाएगा।

### कब और कहां हुई आतंकी वारदात

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट ह्यमिनी स्विटरलैंडह्न नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय निवासी हैं। हथियारबंद आतंकवादी 'मिनी स्विट्जरलैंड' में घुस आए और भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन ह्यद रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

# यूक्रेन के खिलाफ कुर्स्क क्षेत्र में लड़े थे उत्तर कोरियाई सैनिक

## रूसी सेना ने पहली बार किया स्वीकार





**मॉस्को।** रूस के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव ने शनिवार को पुष्टि की कि उत्तर कोरियाई सैनिकों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। गेरासिमोव ने कहा कि उन्होंने 'यूक्रेनी घुसपैठ को खदेड़ने के दौरान रूसी सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध अभियानों में भाग लिया' और 'युद्ध में धैर्य, साहस और वीरता दिखाई'।

### रूस के कुर्स्क क्षेत्र से निकाले यूक्रेनी सैनिक

वहीं क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बड़ा अरपडेट कहा कि सभी यूक्रेनी सैनिकों को रूस के कुर्स्क क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया है। जबकि यूक्रेनी अधिकारियों ने इस दावे को खारिज कर दिया। शनिवार को अपने सुबह के अपडेट में, यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने कहा कि उसके बल कुर्स्क क्षेत्र में रूसी सैनिकों को रोकना जारी रखते हैं, जो रूस के इस दावे को खारिज करता है कि यूक्रेन को क्षेत्र से पूरी तरह से हटा दिया गया है।

### राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी सैनिकों - कमांडरों को दी बधाई

एक बयान में, राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी सैनिकों और कमांडरों को बधाई दी और कहा कि कीव की घुसपैठ पूरी तरह से विफल हुई है। उन्होंने कहा, 'कुर्स्क के सीमा क्षेत्र में हमारे दुश्मन की पूरी तरह से हार हमारे सैनिकों और मोर्चे के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए आगे की सफलताओं के लिए सही परिस्थितियां बनाती है।

# उत्तर कोरिया ने तैयार किया नौसैनिक विध्वंसक जहाज

## किम ने तनाव के लिए अमेरिका को ठहराया जिम्मेदार



नंपो के पश्चिमी बंदरगाह पर 5,000 टन के युद्धपोत के शुभारंभ समारोह में किम ने नए जहाज को देखकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और एशिया में उसके सहयोगियों से कथित खतरों के जवाब के रूप में हथियारों का निर्माण किया जा रहा है। क्योंकि अमेरिका और उसके सहयोगी परमाणु कार्यक्रम पर बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार कर रहे हैं।

उत्तर कोरिया लगातार अपनी सैन्य ताकत में इजाफा कर रहा है। देश ने अब नया नौसैनिक विध्वंसक जहाज तैयार किया है। तानाशाह किम जोंग उन ने नए जहाज का अनावरण किया। उन्होंने इसे अपनी परमाणु-सशस्त्र सेना की परिचालन सीमा और पूर्वव्यापी हमला क्षमताओं का विस्तार करने के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम बताया। इसके अलावा किम ने दुनियाभर में बढ़ रहे तनाव के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया।

शुक्रवार को नंपो के पश्चिमी बंदरगाह पर 5,000 टन के युद्धपोत के शुभारंभ समारोह में किम ने नए जहाज को देखकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और एशिया में उसके सहयोगियों से कथित खतरों के जवाब के रूप में हथियारों का निर्माण किया जा रहा है। क्योंकि अमेरिका और उसके सहयोगी परमाणु कार्यक्रम पर बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने

### रूस का साथ देने को लेकर बढ़ा तनाव

उत्तर कोरिया लगातार सैन्य परमाणु क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा है। वहीं यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस का सहयोग कर रहा है। इसे लेकर अमेरिका और उत्तर कोरिया के बीच तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह कूटनीति को पुनर्जीवित करने के लिए फिर से किम से संपर्क करेंगे। इस पर किम की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। वहीं किम की विदेश नीति का ध्यान अब रूस पर केंद्रित हो गया है। वहीं दक्षिण कोरियाई अधिकारियों को चिंता है कि रूस से उत्तर कोरिया को अपने हथियार कार्यक्रमों को और विकसित करने के लिए आर्थिक सहायता और उन्नत सैन्य तकनीक मिल सकती है।

# ईरान के बंदर अब्बास शहर में भीषण विस्फोट के बाद लगी आग

## 516 लोगों के घायल होने की आशंका

**तेहराइन।** शनिवार को ईरान के बंदर अब्बास शहर में भीषण विस्फोट हुआ है, जिसमें 400 से ज्यादा लोगों के घायल होने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक, धमाका बंदर अब्बास शहर के रजेई बंदरगाह पर हुआ है। किस वजह से ये विस्फोट हुआ है, अभी तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। ईरान के बंदर अब्बास शहर में शनिवार को भीषण विस्फोट के बाद आग लग गई।



ये जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी ने दी है। जानकारी के मुताबिक, अभी तक इस धमाके में 406 लोगों के घायल होने की सूचना है। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह विस्फोट बंदर अब्बास शहर के रजई बंदरगाह पर हुआ है।

### कई किमी दूर तक देखा गया धुएं का गुबार

वहीं इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है, जिसमें काले धुएं का विशाल गुबार देखा जा सकता है। जबकि इस मामले में अधिकारियों ने विस्फोट का तत्काल कोई कारण नहीं बताया। बता दें कि, रजई बंदरगाह ईरान के बंदरगाहों में से एक है।

### सिना कंटेनर यार्ड में हुआ विस्फोट

मामले में ईरान के सीमा शुल्क प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि शनिवार का विस्फोट सिना कंटेनर यार्ड में हुआ, जो बंदरगाह और समुद्री संगठन से जुड़ा हुआ है।



### 2020 में इस पोर्ट के कंप्यूटर सिस्टम पर साइबर हमला हुआ था

ईरान ने मई 2020 में इजराइल पर इस बंदरगाह पर एक बड़ा साइबर हमला करने का आरोप लगाया था, जिससे कंप्यूटर सिस्टम क्रैश हो गया था। इस वजह से इलाके में कई दिनों तक अफरातफरी का महौल रहा था। यह विस्फोट ऐसे वक्त पर हुआ है, जब ईरानी अधिकारी नए परमाणु समझौते को लेकर अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं।

# जेफ्री एपस्टीन के वेश्यावृति नेटवर्क का भंडाफोड़ करने वाली वर्जीनिया की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के हाई प्रोफाइल वेश्यावृति नेटवर्क का खुलासा करने वाली वर्जीनिया गेफ्री की मौत हो गई है। वर्जीनिया ने आत्महत्या की है। वर्जीनिया वेश्यावृत्ति के मास्टरमाइंड अरबपति जेफ्री एपस्टीन के शोषण की सबसे प्रमुख शिकार थी। वर्जीनिया (41 वर्षीय) के परिवार ने भी उसके आत्महत्या करने की पुष्टि की है।

### जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ उठाई आवाज



वर्जीनिया उन आवाजों में से एक थी, जिसने शारीरिक शोषण और मानव तस्करी और खासकर जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ आवाज उठायी। वर्जीनिया की वजह से ही कई अन्य पीड़ितों को भी ताकत मिली, जिससे जेफ्री एपस्टीन के खिलाफ मुकदमा शुरू हो सका। वर्जीनिया ने ही जेफ्री के खिलाफ अदालत में गवाही दी और जेफ्री को वेश्यावृत्ति का नेटवर्क चलाने और बड़ी संख्या में महिलाओं के यौन शोषण और मानव तस्करी का दोषी ठहराया गया। उल्लेखनीय है कि जेफ्री एपस्टीन ने भी साल 2019 में जेल में रहने के दौरान ही आत्महत्या कर ली थी। वर्जीनिया के परिवार ने बयान जारी कर कहा कि 'बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि बीती रात वर्जीनिया ने अपने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया स्थित फार्म पर आत्महत्या कर ली। वह जीवनभर शारीरिक शोषण और यौन तस्करी से जूझती रही।'

परिवार ने कहा कि 'शारीरिक शोषण का बोझ उसके मन पर इतना ज्यादा था, जो वर्जीनिया के लिए असहनीय हो गया था और उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।' वर्जीनिया की जीवन बहुत मुश्किलों से भरा रहा।

# पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तानी पीएम की गीदड़भभकी

## बोले- हम किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार

**इस्लामाबाद।** भारत के सिंधु जल समझौता स्थगित करने के फैसले पर पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और पाकिस्तान ने कहा है कि पानी रोकने का मतलब युद्ध होगा। साथ ही पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है और शिमला समझौते से पीछे हटने का एलान कर दिया है।

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के सख्त रुख से पाकिस्तान घबराया हुआ है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने बयान दिया है कि वे पहलगाम हमले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए तैयार हैं। हालांकि खुद को मजबूत दिखाने की कोशिश करते हुए शरीफ ने कहा कि हम किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान के कई नेता भड़काऊ बयानबाजी कर चुके हैं, लेकिन पीएम के बयान से साफ है कि पाकिस्तान गीदड़भभकी भले ही दिखा रहा है, लेकिन भीतर से उसे भी भारत के हमले का डर है।



### पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में बढ़ा तनाव

बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। इस हमले के पीछे लश्कर ए तैयबा के सहयोगी संगठन टीआरएफ का हाथ बताया जा रहा है। भारत ने हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया और सख्त कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया है। भारत के इस कदम से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और पाकिस्तान ने कहा है कि पानी रोकने का मतलब युद्ध होगा। साथ ही पाकिस्तान ने भी भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है और शिमला समझौते से पीछे हटने का एलान कर दिया है।

### शहबाज शरीफ ने दी धमकी

अब पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि 'किसी को भी भुलावे में नहीं रहना चाहिए...हमारे सशस्त्र बलो पूरी तरह से देश की सुरक्षा करने और किसी भी परिस्थिति का जवाब देने में सक्षम हैं, जैसा कि हम फरवरी 2019 में दिखा भी चुके हैं।' शरीफ ने कहा कि 'पहलगाम में हाल ही में हुई त्रासदी इस दोषारोपण के खेल का एक और उदाहरण है, जिसे पूरी तरह से बंद किया जाना चाहिए। एक जिम्मेदार देश के रूप में अपनी भूमिका को जारी रखते हुए, पाकिस्तान किसी भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।'

शहबाज शरीफ ने अपनी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के बयान को दोहराते हुए कहा कि कश्मीर, पाकिस्तान के लिए गले की नस है और कश्मीर को लेकर फिर से अपना वही पुराना राग अलापा।

# पोप फ्रांसिस को सांता मारिया मैगियोरे बेसिलिका में दफनाया, अंतिम संस्कार में शामिल हुए ढाई लाख लोग

**वेटिकन।** पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार की रस्में शुरू हो गई है। शनिवार को पोप फ्रांसिस को दफनाया जाएगा। पोप के अंतिम संस्कार में दुनिया भर की कई हस्तियां शामिल हो रही हैं, जिनमें विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजा शामिल हैं। अंतिम संस्कार की रस्में सेंट पीटर्स स्कवायर में हो रही हैं। रस्मों के बाद कैदी और प्रवासी पोप के पार्थिव शरीर को ताबूत में लेकर बेसिलिका में जाएगा, जहां उन्हें दफनाया जाएगा। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में दो लाख से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं।





### कई राष्ट्राध्यक्ष और राजा पोप के अंतिम संस्कार में हुए शामिल

गौरतलब है कि पोप के अंतिम संस्कार की रस्मों में पोप फ्रांसिस ने ही बीते साल बदलाव किए थे। वेटिकन ने कहा है कि इन बदलावों का मकसद पोप को एक पुजारी के रूप में दशार्ना था न कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली इंसान के रूप में। पोप फ्रांसिस ने बतौर पोप अपने 12 साल के कार्यकाल में कई अहम बदलाव किए और वेटिकन चर्च को सभी के लिए सुलभ बनाने की कोशिश की। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ ही प्रिंस विलियम और स्पेन के राज परिवार के सदस्य शामिल हैं। पहले लैटिन अमेरिकन मूल के पोप, पोप फ्रांसिस का बीते सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया था। पोप फ्रांसिस बीते लंबे समय से बीमार थे और कुछ समय पहले ही अस्पताल से डिस्चार्ज हुए थे। भारत की तरफ से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने रोम पहुंचे हैं। पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए लोगों की लंबी लाइनें देखी गईं।

### बेसिलिका के साथ एक खास रिश्ता

पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका में दफनाया जाएगा। पोप बनने से पहले भी पोप फ्रांसिस को सेंट मैरी मेजर बेसिलिका से खास लगाव था। पोप के रूप में अपनी प्रत्येक विदेश यात्रा से पहले और बाद में पोप फ्रांसिस यहां प्रार्थना करने जाते थे। वेटिकन ने कहा कि 40 विशेष अतिथि बेसिलिका के सामने पियाजा पर उनके ताबूत का स्वागत करेंगे, जिनमें हाशिए पर मौजूद लोग, जैसे बेघर लोग और प्रवासी, कैदी और ट्रांसजेंडर लोग शामिल होंगे। पोप को दफनाने की प्रक्रिया निजी होगी, जिसमें कार्डिनल और कुछ करीबी सहयोगी शामिल होंगे। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के लिए इटली ने कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं, जिनमें 2500 से ज्यादा पुलिसकर्मी, 1500 सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही तटों पर टारपीडो जहाज और लड़ाकू विमानों के दस्ते तैनात किए गए हैं।

### पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि ये दुनिया पोप फ्रांसिस को समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेंट पीटर्स बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने लिखा कि 'राष्ट्रपति जी ने भारत के लोगों की तरफ से पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित की। ये दुनिया समाज के लिए उनकी सेवाओं के लिए हमेशा याद करेगी।'

### मई में शुरू होगी नए पोप को चुनने की प्रक्रिया

मई के पहले हफ्ते में नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभी कुछ कार्डिनल द्वारा वेटिकन सिटी का संचालन किया जा रहा है, जिनमें सबसे प्रमुख कार्डिनल हैं जियोवानी बटिस्टा रे। नए पोप को चुनने के लिए सिस्टीन चैपल में होने वाले मतदान का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी भी कार्डिनल जियोवानी बटिस्टा रे के कंधों पर ही होगा।



# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने 'एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ द ईयर 2025' देकर संजीव कुमार गुप्ता को किया सम्मानित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत 24 चैनल के द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार गुप्ता को उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री जसवंत सिंह सैनी, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ द ईयर 2025 देकर सम्मानित किया।

चैनल की ओर से यह अवार्ड औधोगिक जगत में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। इस अवसर पर औधोगिक विकास मंत्री ने समरकूल ग्रुप की प्रशंसा करते हुए कहा कि मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को पूरा करने के लिए समरकूल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में संजीव कुमार गुप्ता ने समरकूल ग्रुप के शुरूआती दौर से लेकर सफलता तक के सफर को साझा करते हुए भारत 24 चैनल के सीईओ जगदीश चन्द्रा सहित समस्त टीम का धन्यवाद व्यक्त किया।

# अजय चौधरी ने पहलगाम में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में वसुंधरा सेक्टर 14 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी (किसान) राजस्थान व



उत्तराखंड प्रभारी अजय चौधरी ने अपने परिवार के साथ आतंकी हमले में मारे गए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की व शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। अजय चौधरी ने कहा कि इस घटना से पूरा देश आहत है और इस दुख की घड़ी में कांग्रेस देश के साथ खड़ी है। आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है, और कांग्रेस पहलगाम में हुए आतंकी हमले खिलाफ केंद्र सरकार के किसी भी फैसले के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि इस हमले में उन निर्दोष लोगों की हत्या की गई जो अपने परिवार के साथ कश्मीर घूमने गए थे,बहुत ही दुखद है। आंतकवादियों की इस कायरता के लिए कड़ी सजा दी जानी चाहिए। इस मौके पर रखी चौधरी, पंकज चौधरी, आदित्य चौधरी, धन्वी, तुषान, कुमकुम लक्ष्मी आदि परिवार के साथ मौजूद रहे।

# जनता से मधुर व्यवहार कर समस्या निपटाएं विद्युत अधिकारी : दिनेश कुमार गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में शनिवार को औरैया कलेक्ट्रेट में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ व विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद औरैया, कन्नौज व इटावा के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की। साथ ही विद्युत विभाग से सम्बन्धित बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से सम्बन्धित शिकायतो का निस्तारण शीघ्र किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि क्या मीटर रीडरों को दिए गए एरिया को समय-समय पर बदला जाता है क्या विभागीय भ्रष्टाचार तथा अन्य प्रकरणों में चेक किए जाने वाले एरिया को वहां के अधिकारियों के अलावा सत्यता की जांच हेतु अन्य एरिया के अधिकारी द्वारा क्रॉस चेक किया जाता है ऐसे विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की।

सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने कहा कि विद्युत उपभोक्ता हमारा भगवान है इसलिए हमें उनकी हर समस्याओ को ध्यान रखना होगा उसकों किसी भी रूप में परेशान न किया जाए। उसकी समस्या का तुरन्त निस्तारण किया जाए। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी जनता से मधुर व्यवहार कर समस्याओं का निस्तारण करें। इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ सलिल विश्नोई, जितेंद्र सिंह सेंगर , विजय बहादुर पाठक, डॉ रतन पाल सिंह सदस्यगण विधान परिषद, जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी, एस एस पी व विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# आतंकवाद पर आक्रोश : वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने लोगों से साथ निकाला कैंडल मार्च




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ याद उन्हें भी कर लो जो लौट के घर न आए। पहलगाम आतंकवादी हमले में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी और वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने आर एम ब्लॉक राजेन्द्र नगर सेक्टर 2 में सर्व समाज के साथ कैंडल मार्च निकाला गया। और पाकिस्तान के इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ विरोध करते हुए अपना आक्रोस व्यक्त किया। पार्षद ने कहा कि हिंदुस्तान के हर नागरिक को अपने लोगों को खोने की पीड़ा है। देश के प्रधानमंत्री से लोगों को पूरा भरोसा है,कि इस घटना का बदला लिया जाएगा।

# पहलगाम हमला हमारे सब्र की परीक्षा नहीं, हमारे क्रोध की चिंगारी है : विनीत त्यागी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी ने कहा कि पहलगाम का हमला हमारे सब्र की परीक्षा नहीं, हमारे क्रोध की चिंगारी है। अब खून खौल रहा है, भारत चुप नहीं बैठेगा। शांति हमारी मजबूरी नहीं, हमारी पहचान है। लेकिन शांति किसी भी भारतीय की कीमत पर नहीं चाहिए। बदला ऐसा होगा गद्दारों की सात पुस्ते याद करेंगी। उन्होंने ने कहा कि आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या ही नहीं की, बल्कि यह देश व मानवता पर हमला किया है, जिसे कभी सहन नहीं किया जा सकता।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने पहलगाम की घटना पर निकाला कैंडल मार्च



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या की गई। आतंकवादी हमले के विरोध में वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने सभी कार्यकर्ता एवं समाज के हर वर्ग के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला और मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि दी। घायल लोगों को जल्द स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर होशियार सिंह नागर, सोनू चौधरी अध्यक्ष युवा मोर्चा, परवीन चौधरी, पुष्पेंद्र सिंह बहादुर, प्रमोद तोमर, हरीश सक्सेना, विनोद सेंगर, राहुल परिहार, डैनी वर्मा, अर्जुन पंडित, रिंकू भटनागर, मुकेश राठौर, टीटू कमलजीत चौहान, मुकेश राणा, रोहित नेता बृजवासी राहुल , सविता चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए : डब्बी पहलवान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंडल अध्यक्ष डब्बी पहलवान ने कहा कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की आतंकियों द्वारा जो हत्या की गई है। इस का बदला पाकिस्तान को नक्शे से ही मिटा देना चाहिए। इतनी लंबी लड़ाई से क्या फायदा है पाकिस्तान शुरू से ही भारत के खिलाफ षडयंत्र करता आया है, अब इसका विनाश निश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को भी अब पाकिस्तान के अंदर घुसकर पाकिस्तान को जवाब देना चाहिए। पूर्व मंडल अध्यक्ष डब्बी पहलवान ने मांग की है कि सरकार को पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी करवाई करनी चाहिए। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में पंच-परमेश्वर का सफल मंचन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल शास्त्रीनगर गाजियाबाद में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कक्षा 9 से 12 के छात्रों ने प्रसिद्ध कहानीकार 'मुंशी प्रेमचंद जी' की प्रसिद्ध रचना 'पंच-परमेश्वर' का सफल मंचन किया। मुख्य अतिथि के रुप में सुशील कुमार अतिरिक्त जिला न्यायधीश एवं अनिल पांडे निदेशक इंडिया फॉर चिल्डन कार्यकम में उपस्थित रहे।

कार्यकम का प्रारम्भ में नेहरू वर्ल्ड स्कूल की एग्जीक्यूटिव है सुजैन होम्स ने सभी आमंत्रित अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक डा० अरुणाभ सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए, उन्हें मोबाइल से दूरी बनाने का सुझाव दिया। वार्षिक रिपोर्ट में शैक्षिक सत्र 2024-25 की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। नाट्य प्रस्तुति में न्याय, सत्य और नैतिक मूल्यों की गूढ़ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कथा में दशार्या गया कि कैसे मित्रता और नैतिकता के बीच संघर्ष में अंततः सत्य की जीत होती है। गायन व छात्रों की अभिनय प्रतिभा ने दर्शकों को बँधे रहने पर मजबूर कर दिया। कार्यकम समाज को अपना संदेश देने में पूर्ण सफल रहा।

कार्यकम के अन्त में नेहरू वर्ल्ड स्कूल के प्रधानाचार्या मंजुला सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया और आज के युग में समाज को संदेश देने के लिए इस प्रकार के नाटकों की प्रासंगिकता पर भी बल दिया।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में 29 अप्रैल को लगेगा भव्य रोजगार मेला : डॉ. अनिल अग्रवाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी 29 अप्रैल मंगलवार को गाजियाबाद दुहाई रोड स्थित एचआरआईटी विश्वविद्यालय में एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न उद्योगों के शीर्ष नियोक्ताओं को एचआरआईटी विश्वविद्यालय कैंपस मेरठ रोड, गाजियाबाद लाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच की खाई को पाटना है, जो दिल्ली एन. सी. आर. के छात्रों और पेशेवरों को विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कंपनियों में नौकरी हासिल करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इस रोजगार मेले में इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वाणिज्य और वित्त, फामेर्सी, आतिथ्य, आईटी, विनिर्माण, परामर्श और कई अन्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली कंपनियों की भागीदारी होगी। उल्लेखनीय कंपनियों में पार्ले, विशाल टेक्नोपावर, जेनपैक्ट, बीपीई इनोवेशन, लुकैट, ईजी सोलर, को-पायलट, टेक इंटीरियो, टैकिंसी, कैपिटल पावर लिमिटेड, एचरएक्स पी, एनआईआईटी फाउंडेशन, मैनपावर ग्रुप, श्रामिन, आदित्य बिड़ला कैपिटल सर्विसेज, करारा सेरामिक्स, सील एचआर, टाटा स्ट्राईव, वीसर्व, मुथूट, एचडीएफसी, टेकमहिंद्रा, स्टैंजा लिविंग, क्वेसकॉर्प, आदि शामिल हैं।

उद्योगों की यह विविध श्रृंखला विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए अवसर प्रदान करेगी, जिससे एक समग्र भर्ती अनुभव सुनिश्चित होगा।लगभग 100 से अधिक कंपनियों के आने की संभावना है और लगभग 3000 से अधिक छात्र कैरियर के अवसरों का पता लगाने के लिए हैं। एचआरआईटी विश्वविद्यालय दिल्ली एन. सी. आर. में एक प्रमुख संस्थान है और 2005 में स्थापित किया गया था, जो गाजियाबाद में स्थित है, जो अकादमिक उत्कृष्टता और उद्योग-उन्मुख शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद राज्यसभा का दृष्टिकोण है कि प्रत्येक युवा को शिक्षा और रोजगार के लिए समान अवसर मिलना चाहिए। व्यावहारिक शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार पर जोर देने के साथ, एच. आर. आई. टी. ने खुद को नौकरी के लिए तैयार स्नातकों / परा स्नातकों को शिक्षा प्रदान करने वाले एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्थापित किया है। शीर्ष उद्योगों के साथ विश्वविद्यालय का सहयोग इसके छात्रों की रोजगार क्षमता को और मजबूत करता है, जिससे यह इस परिमाण के रोजगार मेले के लिए एक आदर्श स्थल बन जाता है।एच. आर. आई. टी. ने हाल ही में आई. आई. टी. रोपड़ और आई. बी. एम. के साथ भागीदारी की है जो हमारे छात्रों को विश्व स्तरीय ज्ञान प्राप्त करने और उनकी सामग्री और प्रयोगशालाओं तक पहुंच बनाने में मदद करेगा। एचआरआईटी विश्वविद्यालय में यह मेगा जॉब फेयर इच्छुक पेशेवरों के लिए एक गेम-चेंजर होने का वादा करता है, जो उन्हें सफलतापूर्वक अपना करियर शुरू करने के लिए सही मंच प्रदान करता है।

# पार्षद रेखा गोस्वामी के नेतृत्व में पहलगाम की घटना को लेकर निकाला गया कैंडल मार्च




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 10 डीएलएफ कॉलोनी ने पार्षद रेखा गोस्वामी के नेतृत्व में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च एवं शहीद हुए पर्यटकों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि जिस तरह से धर्म पूछ - पूछकर यह नृशंस हत्याएं की गई हैं, यह मानवता को शर्मसार करती हैं, आतंक को पालने वालों को मुंहतोड़ जवाब मिलना चाहिए । पार्षद रेखा गोस्वामी ने कहा कि पर्यटकों पर आतंकी हमला बहुत ही शर्मनाक है , यह कायराना हरकत है । आतंक को बढ़ावा देने वालों को आतंकी देश घोषित कर देना चाहिए। और कड़ा जवाब देना होगा , जिससे कि दोबारा ऐसी घटना को अंजाम देने से पहले आतंकियों की रूह कांप उठे । वही मनोज गौड़ ने कहा किअत्यंत ही दुःखुद है , सुनकर आक्रोश होता है कि निर्दोष पर्यटकों पर हमला क्यों।

हमले में शहीद हुए पर्यटकों के परिवार के प्रति संवेदना है , इस आतंकी घटना के दोषियों को कड़ा जवाब दिया जाए , ऐसा सरकार से निवेदन है । इस अवसर पर अनिल पाल , देवाशीष , जितेंद्र शर्मा , राजेश जैन , अर्चना शर्मा , नेहा, निशा , ऋतु , माला , धारणा, आभा , मंजुला , मीनाक्षी शर्मा ,मंजू , राजकुमार , ममता आदि लोग मौजूद रहे।

# बाल यौन शोषण से निपटने के लिए समुदायों को सशक्त बनाना जरूरी : योगेन्द्र प्रताप सिंह




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बाल यौन शोषण को समाप्त करने के लिए इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड कंपनी, समाधान अभियान संस्था ने न्याय पीठ बाल कल्याण समीति, जिला सूचना विभाग और चिकित्सालय विभाग गाजियाबाद के सहयोग से बाल मित्र केंद्र, साहिबाबाद में बाल यौन उत्पीड़न पर मीडिया बन्धुओ और आशा कार्यकर्ताओं के लिए बाल यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता कार्यशालाआयोजित की।

कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया बन्धुओं और आशा कार्यकर्ताओं को पॉक्सो अधिनियम 2012, की प्रभावी रणनीतियों और बच्चों के अधिकारों पर जानकारी प्रदान करना था। समाधान अभियान की संस्थापक अर्चना अग्निहोत्री ने मीडिया बन्धुओं और आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मुख्य अतिथि, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह ने बाल यौन उत्पीड़न पर जिम्मेदारीपूर्ण रिपोर्टिंग और बच्चों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने में उनके योगदान को रेखांकित किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को पॉक्सो अधिनियम और बाल यौन उत्पीड़न की रिपोर्टिंग में संवेदनशीलता, गोपनीयता और नैतिक मानकों के महत्व के बारे में बताया गया। आयोजकों ने बाल संरक्षण के प्रति सक्रिय रहने और जागरूकता फैलाने की अपील के साथ सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सिद्धार्थ विदरू, अर्चना अग्निहोत्री, दीपा शर्मा, हिमांशु शर्मा, सौरभ कुमार, थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये कुहू और मोनिका की जोड़ी है। यह कोई साधारण जोड़ी नहीं है, यह दुनिया की सबसे खूबसूरत जोड़ी है, क्योंकि इस रिश्ते को खुद भगवान ने जोड़ा है यह मां बेटी की जोड़ी है, बेटी कुहू के जन्मदिन पर उसकी मम्मी मोनिका ने उसके लिए हर खुशी मां की अपनी खुशी को फेसबुक पर साझा किया। जन्मदिन की शुभकामनाओं से भरपूर यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।